दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 232 | जयपुर, बुधवार, 31 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-एकादशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



**दिल दहला दे वाला मंजर:**
केरल में गांव के गांव लील गया भूस्खलन

**116** लोग जैरे इलाज...

**98** जने लापता...

2 दिन का राजकीय शोक

# वायनाड में 4 घंटे में 3 लैंडस्लाइड, 125 काल कवलित

## मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांव में घर, पुल व गाड़ियां बही

**बेधड़क** | तिरुवनन्तपुरम

केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटना में भारी तबाही हुई है। वहां का मंजर देखते ही दिल दहल जाता है। इस मामले में अब तक 125 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। अब तक 125 लोगों की मौत हो चुकी है। 116 अस्पताल में हैं, जबकि 98 से ज्यादा लोगों के लापता होने की खबर है। सैकड़ों अन्य लोग अब भी मलबे में फंसे हुए हैं।

दरअसल, तेज बारिश की वजह से सोमवार देर रात 4 अलग-अलग जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। रात 2 बजे से सुबह 6 बजे के बीच हुए लैंडस्लाइड में 4 गांव बह गए। मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां भी बह गईं। रेस्क्यू के लिए आर्मी, एयरफोर्स, SDRF व NDRF की टीम मौके पर मौजूद है। कन्नूर से आर्मी के 225 जवानों को वायनाड के लिए रवाना किया गया है। एयरफोर्स के 2 हेलिकॉप्टर भी रेस्क्यू के लिए भेजे गए, लेकिन बारिश के चलते उन्हें कोझिकोड लौटना पड़ा। सेना की स्पेशल डॉग यूनिट के ट्रेंड डॉग्स, जिनमें बेल्जियन, लैब्राडोर और जर्मन शेफर्ड जैसी नस्लें शामिल हैं, वायनाड में भूस्खलन प्रभावित मेप्पाड़ी के लिए रवाना किए गए हैं। इधर, केरल सरकार ने इस हादसे के बाद राज्य में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

## रात 2 बजे से सुबह 6 बजे के बीच बह गए 4 गांव



### मुंडक्कई गांव में 250 लोग फंसे

वायनाड का मुंडक्कई गांव लैंडस्लाइड की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां चूरलमाला को मुंडक्कई से जोड़ने वाला पुल बह गया है, जिससे क्षेत्र तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। एनडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम पैदल चलते हुए यहां तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुंडक्कई में करीब 250 लोगों के फंसे होने की खबर है। यहां कई घर बह गए है। यहां 65 परिवार रहते थे। यहीं पास के एक टी एस्टेट के 35 कर्मचारी भी लापता हैं।

-पेज 8 भी देखें

### दो विदेशी नागरिकों को बचाया

जिला पंचायत अध्यक्ष समशाद मरईक्कर ने बताया कि मुंडक्कई सड़क मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता है। मोबाइल नेटवर्क भी ठप है। चूरलमाला गांव में भी नुकसान ज्यादा है। यहां रेस्क्यू जारी है। यहां कई घर बह गए हैं। कई लोगों को बचाया गया हैं, जिनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल थे। ये एक होमस्टे में रुके थे। यहां रेस्क्यू टीम एक-एक घरों की जांच कर रही है।

### स्वास्थ्य विभाग ने स्थापित किया नियंत्रण कक्ष

वायनाड लैंडस्लाइड के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कंट्रोल रूम बना दिया है। साथ ही इमरजेंसी हेल्थ सर्विस के लिए दो हेल्पलाइन नंबर 8086010833 और 9656938689 जारी किए। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक वैथिरी, कलपट्टा, मेप्पाडी और मनंतवडी अस्पताल अलर्ट पर हैं।

### हमें बचा लीजिए... सब तबाह हो गया-

चूरलमाला गांव की एक महिला ने कहा, 'घर में कोई व्यक्ति मलबे में फंस गया है और उसे बाहर नहीं निकाला जा सका। कृपया कोई आए और हमारी मदद करे। हमने अपना घर खो दिया है। हमें नहीं पता कि नौशीन जीवित है या नहीं। वह दलदल में फंस गई है। हमारा घर शहर में ही है।' चूरलमाला की गांव की एक और निवासी ने फोन पर बताया, 'उनका मकान अब भी हिल रहा है।

### पीएम मोदी ने जताया दुख, राहुल ने की सहायता की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में लैंडस्लाइड में मारे गए लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने केरल सरकार को केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही मरने वालों के परिजन को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायनाड की घटना पर सरकार से हर संभव मदद पहुंचाने की अपील की है। वे बुधवार को वायनाड दौरे पर जाएंगे। केरल के स्वास्थ्य मंत्री ऑफिस ने बताया है कि वायनाड के चूरलमाला में घायलों का इलाज करने के लिए एक मस्जिद और मदरसे में टेम्परेरी हॉस्पिटल बनाया।

## जरूरी खबर

### जयपुर में गुरुकृपा व कलाम कोचिंग के सेंटर सील



**जयपुर।** शहर के गोपालपुरा बाइपास रोड पर रिद्धि सिद्धि के पास स्थित गुरुकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर सील कर दिए गए हैं। मेयर सौम्या गुर्जर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मेयर के मुताबिक आग से बचाव के सही इंतजाम नहीं थे। बता दें, दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे बरसात के पानी में डूबने से तीन स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर नगर निगम ग्रेटर एक्शन मोड में आ गया। मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर अचानक गोपालपुरा बाइपास स्थित कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करने पहुंच गई। इसके बाद कमियां पाए जाने पर दोनों कोचिंग सेंटर्स सील कर दिए गए। -पेज 5 भी देखें

### इंडिया ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया, सीरीज जीती



**पल्लेकेले।** भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 में श्रीलंका टीम को सुपर ओवर के जरिए हरा दिया। इसके साथ ही भारत ने सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 137 रन बनाए थे। जवाब में मेजबान टीम 137/8 का स्कोर ही बना सकी। इसके बाद सुपर ओवर में भारत से वाशिंगटन सुदंर गेंदबाजी के लिए आए। उन्होंने दूसरी गेंद पर परेरा और तीसरी गेंद पर असलंका के विकेट लिए।

## विधायक दल की बैठक में सीएम का मंत्रियों को निर्देश

# मंत्री हफ्ते में तीन दिन जयपुर रहें... एक दिन विधायकों की हो सुनवाई

- कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक कर समस्याओं का करें समाधान
- बजट घोषणाएं धरातल पर उतरें विधायक करें इसकी मॉनिटरिंग

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों को निर्देश दिए कि सप्ताह में तीन दिन वे जयपुर रहें तथा राजधानी में अलग अलग क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करें। इसके साथ ही सीएम ने मंत्रियों से कहा कि एक दिन विधायकों की भी एक दिन सुनवाई के लिए निर्धारित करें। विधायक अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और कार्य लेकर जयपुर आते हैं। ऐसे में उनके काम होने चाहिए। मंत्री विधायक के क्षेत्र में अपने विभाग से संबंधित काम को प्राथमिकता से पूरा करें। मुख्यमंत्री ने यह बात मंगलवार को विधानसभा में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान कही। सीएम ने विधायकों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक कर आपसी संवाद कायम करें।



### बजट घोषणाओं को लेकर गंभीर रहें

सीएम ने कहा कि प्रदेश में विकास के रफ्तार के लिए हमारी सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं को लेकर गंभीर रहना होगा। बजट घोषणाएं धरातल पर उतरे इसके लिए विधायक अपने अपने क्षेत्रों में खुद इसकी मॉनिटरिंग करें तथा घोषणाओं के एग्जीक्यूशन की निगरानी रखें। इसके अलावा विधायकों को विधानसभा के नियमों, कार्यप्रणाली के प्रशिक्षण के लिए ट्रैनिंग पर बोलते हुए सीएम ने कहा कि जल्दी ही प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। ये प्रशिक्षण शिविर अगस्त में गुजरात में कराए जाने पर विचार किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने दी मनु भाकर को बधाई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर एवं सरबजोत सिंह को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई शुभकामनाएं दी। शर्मा ने कहा कि भाकर एक ही ओलम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश खेल क्षेत्र में प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है और नारी शक्ति खेलों में अपना परचम लहरा रही है।

### CM ने नए राज्यपाल का किया स्वागत

प्रदेश के नए राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े के मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट आगमन पर सीएम भजनलाल शर्मा ने स्वागत किया। इस मौके पर स्पीकर वासुदेव देवनानी, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कई मंत्री, महापौर, सीएएस आदि मौजूद रहे।

## अनुदान मांगों पर बहस के दौरान अपशब्द बोलने का मामला

# शांति धारीवाल, डोटासरा और जूली ने सदन में मांगी माफी

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा में अनुदान मांगों पर बहस के दौरान पूर्व यूडीएच मंत्री रहे शांति धारीवाल ने अपशब्द बोलने के मामले में मंगलवार को सदन में माफी मांग ली। हालांकि उन पर दो दिन सदन की कार्यवाही में भाग लेने पर रोक लगाई गई है।

स्पीकर वासुदेव देवनानी ने व्यवस्था देते हुए धारीवाल को यह सजा दी। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी सदन में माफी मांगी। इससे पहले सदन में धारीवाल के गाली के मामले में स्पीकर की व्यवस्था से पहले चर्चा हुई। डोटासरा और जूली ने स्पीकर से धारीवाल को माफ करने का आग्रह किया।



**धारीवाल पर दो दिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने पर रोक**

### आसन का अपमान करने का कोई इरादा नहीं : धारीवाल

धारीवाल ने सदन में कहा कि मैंने हमेशा आसन को सर्वोच्च मानकर सम्मान किया है। मेरा आसन का अपमान करने का कोई इरादा नही है। मैं पिछले 40 साल से जीतता आ रहा हूं तथा सदैव आसन का सम्मान किया है। धारीवाल ने कहा कि संदीप शर्मा जब पहली बार सभापति की कुर्सी पर बैठे तो इस पूरे सदन में अकेला आदमी था, जिसने कहा था आज सबसे ज्यादा खुश हूं कि ये विराजमान हैं।

जूली और डोटासरा ने कहा कि धारीवाल खुद खेद प्रकट कर देंगे, उन्हें माफ कर दिया जाना चाहिए।



"स्पीकर वासुदेव देवनानी ने धारीवाल के माफी मांगने के बाद कहा, आज और कल आप विधानसभा तो आएंगे, लेकिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेंगे। मैं तो चाहता था कि आचरण के हिसाब से चार साल तक आपको सदन का सदस्य रहने का हक नहीं था, लेकिन आपके दल के सदस्यों के आग्रह और माफी के बाद मैंने फैसला ये फैसला लिया।

## मनु ने रचा इतिहास

# मनु भाकर का एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने का महारिकॉर्ड

- एक और कांस्य जीत सरबजोत सिंह संग किया धमाका

**बेधड़क** | पेरिस

इन दोनों की जोड़ी ने पेरिस ओलंपिक में इतिहास रच दिया। भारत के मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ओह ये जिन और ली वोनहो की कोरियाई जोड़ी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली खलाड़ी बन गईं। दरअसल, मनु भाकर स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गईं, जिन्होंने सरबजोत सिंह के साथ पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में कोरिया को हराकर इतिहास रच दिया।

भारतीय जोड़ी ने कोरिया को 16-10 से हराकर देश को इस ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया।

**वाह!!! मनु भाकर, वाह!!! और शाबाश!!! सरबजोत सिंह... ।**



इससे पहले मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था। ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 ओलंपिक में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे, लेकिन वह उपलब्धि आजादी से पहले की थी। पेरिस ओलंपिक 2024 के चौथे दिन फैन्स की नजरें एक बार फिर मनु भाकर पर रहीं। वह 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम ब्रॉन्ज मेडल मैच में मंगलवार को भारत के सरबजोत सिंह शूटिंग के लिए उतरीं।

### शूटिंग में मेडल पाने वाली भी पहली महिला

इससे पहले मनु ने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता था, यह मेडल जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बन गईं। मनु ने फाइनल में कुल 221.7 अंक जुटाए थे, भारत का मौजूदा पेरिस ओलंपिक में यह पहला मेडल था। साथ ही ओलंपिक के इतिहास में भारत का यह शूटिंग में पांचवां मेडल रहा, लेकिन आज मनु ने एक और मेडल दिलाकर खुद तो दूसरा मेडल जीतकर इतिहास रचा ही, वहीं उन्होंने ओलंपिक शूटिंग में अब कुल मेडल की संख्या 6 कर दी।

### मनु भाकर ने बनाया ये महारिकॉर्ड

मनु भाकर 30 जुलाई को ब्रॉन्ज मेडल जीतते ही इतिहास रच दिया। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले कोई भी भारतीय खिलाड़ी एक ओलंपिक में दो मेडल नहीं जीत सका है। सुशील कुमार और पीवी सिंधु ने जरूर दो-दो पदक जीते हैं, लेकिन ये मेडल अलग-अलग ओलंपिक खेलों में आए।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन एक और दो अगस्त को



**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय जयपुर पर मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश भर से आए कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ उन्होंने पेयजल की किल्लत तथा भीषण गर्मी में सरकार द्वारा बिजली की आपूर्ति करने में विफल रहने के साथ ही बेपटरी हो रही कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की गई। महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा सरकार के खिलाफ एक और दो अगस्त को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

### बूंदी में बेपटरी हुए मालगाड़ी के चार डिब्बे

**जयपुर।** दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर मंगलवार शाम को गुड़ला रेलवे स्टेशन के समीप एक मालगाड़ी के 3-4 वैगन पटरी से उतर गए। सूचना मिलते ही दुर्घटना राहत ट्रेन भी मौके पर भेजी गई है और मालगाड़ी के उतरे हुए डिब्बों को वापस चढ़ाने का प्रयास किया गया। रेलवे के अधिकारियों ने दावा किया है कि इससे किसी तरह का कोई रूट जाम जैसे हालात नहीं बने। रेलवे के मुताबिक मलगाड़ी कोटा से दिल्ली की तरफ जा रही थी और शाम 5:15 पर डिरेल हुई है, जिससे रेलवे यातायात भी बाधित नहीं हुआ। हादसे की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची आरपीएफ व केशोरायपाटन थाना पुलिस ने भीड़ को हटाया।

### बजट में अन्य राज्य का हक मारकर दूसरों को देना गलत




**जयपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने केंद्र सरकार के बजट को सरकार बचाओ बजट बताते हुए कहा है कि वे बिहार और आंध्रप्रदेश को बजट देने के विरोधी नहीं है, लेकिन अन्य राज्य का हक मारकर दूसरों को देना गलत है। पायलट ने मंगलवार को यहां जवाहर कला केंद्र में आयोजित जयपुर टाइगर फेस्टिवल में भाग लेने के दौरान मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश के दोनों बजट में महंगाई कम करने की कोशिश भी नहीं दिखी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कहा है कि चार लाख नौकरी का संकल्प लेते हैं। संकल्प क्या होता है। टाइमलाइन बताओ, सरकार बताए भर्ती कब शुरू होगी, कब पूरी होगी।

---

राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बोले राज्यपाल कलराज मिश्र...

# ‘राजस्थान में मिले प्यार व अपनत्व को नहीं भुला पाएंगे कभी’

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राजस्थान के लोगों से प्यार और अपनत्व को वे कभी भुला नहीं पाएंगे। मिश्र ने अपने पांच वर्ष पूर्ण होने पर राजभवन के दरबार हॉल में अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में भावुक होते हुए कहा कि पांच वर्ष के अपने कार्यकाल में जनता का जो विश्वास और भरपूर स्नेह मिला, उसी से वह राजभवन में नया बहुत कुछ कर सके।

उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की सभी प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं में कार्य करने का अवसर मिला, लेकिन राज्यपाल के रूप में सार्वजनिक



जीवन में संविधान संस्कृति के लिए जो कार्य किया वह महत्वपूर्ण है। भारत का संविधान पूरे देश का सर्वोच्च विधान है। इसलिए तय किया कि संविधान प्रमुख रहते हुए संविधान जागरूकता के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सामूहिक भाव का महत्व है। संविधान का आरंभ ही, हम भारत के लोग से होता है। उन्होंने कहा कि मूल संविधान भारतीय सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत है। इस संविधान को धरती पर उतारने का प्रयास किया। राजभवन में देश का पहला संविधान पार्क निर्मित करने की पहल हुई। अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों से पूर्व संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन की पहल की। विधानसभा में अभिभाषण से पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन का सूत्रपात किया। विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क निर्मित करवाए। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने कहा कि राज्यपाल मिश्र के मार्गदर्शन में राजस्थान में निरंतर नवाचार अपनाते हुए महत्वपूर्ण कार्य हुए।

उन्होंने कहा कि मिश्र का कार्यकाल सदा स्मरणीय रहेगा। प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल ने कहा कि उनके साथ कार्य करने से निरंतर सीखने और नया करने की प्रेरणा मिली। राजभवन की ओर से सचिव गौरव गोयल ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

### मनु भाकर और सरबजोत सिंह को दी बधाई

पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली देश की पहली महिला निशानेबाज बनने वाली मनु भाकर और मिश्रित टीम में पदक प्राप्त करने वाले सरबजोत सिंह को राज्यपाल कलराज मिश्र और मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह संपूर्ण भारत के लिए गौरव के क्षण है। उन्होंने महिला शक्ति को नमन करते हुए इससे सभी को प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

### पांच वर्षों के कार्यकाल को किया याद

राज्यपाल ने अपने कार्यकाल के पांच वर्षों को याद करते हुए कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में ‘च्वाइस बेस्ड सिस्टम‘ लागू करने और सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय को ‘कुलाधिपति पुरस्कार‘ प्रदान करने की पहल की गई। मासिक प्रतिवेदन के आधार पर विश्वविद्यालयों का नियमित मूल्यांकन भी राजभवन स्तर पर सुनिश्चित किया गया। दीक्षांत समारोह को प्रति वर्ष आयोजित कर समय पर विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल हुई। गांव गोद लेकर उनके विकास की पहल की गई।

### कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए

मिश्र ने कहा कि राज्यपाल राहत कोष का पूरी तरह से डिजिटलाइजेशन कर इसके बैंक खाते में ऑन-लाईन दान राशि जमा करवाने की सुविधा सॉफ्टवेयर बना कर उपलब्ध करवाई गई। प्रदेश में संचालित समस्त ‘युद्ध विधवा छात्रावास एवं पुनर्वास केंद्रों’ का नाम परिवर्तन कर ‘वीरांगना छात्रावास एवं पुनर्वास केंद्र’ करने के साथ ही ‘वीरांगना पहचान पत्र’ की तर्ज पर शहीद की माता को ‘वीर माता पहचान पत्र’ तथा शहीद के पिता को ‘वीर पिता पहचान पत्र’ जारी किया गया।

---

अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की पहली बैठक में बोले CM

# ‘कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध’



- बजट में टीएसपी फंड की राशि 1000 से बढ़ाकर की गई 1500 करोड़ रुपए
- स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग से आदिवासी समुदाय होगा आर्थिक रूप से सशक्त

बेधड़क | जयपुर

राजस्था बेधड़क। जयपुर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा का अनुसरण करते हुए समाज के वंचित और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने संविधान की मंशा के अनुरूप जनजाति परामर्शदात्री परिषद का गठन किया है।

इस परिषद के सुझावों के अनुरूप निर्णय लेकर आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर में परिवर्तन लाने का कार्य किया जाएगा। शर्मा मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में आयोजित राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय के कल्याण की भावना से अनुसूचित जनजाति के विकास एवं सशक्तीकरण के लिए प्रावधित टीएसपी फंड की राशि इस बजट में 1000 करोड़ से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपए कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में गोविंद गुरु जनजाति क्षेत्र विकास योजना प्रारंभ की जा रही है, जिसके माध्यम से सामुदायिक वनाधिकार क्षेत्रों में विकास और संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। सीएम भजनलाल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता बहुत विश्वास और अपेक्षा के साथ चुनकर भेजती है। हमकों उनका सहभागी बनकर उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि टिफिन बैठकें आयोजित कर स्थानीय लोगों के साथ भोजन करें, जिससे उनके साथ सहभागिता बढ़े। शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने की प्रमुख जिम्मेदारी अधिकारियों की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे आदिवासी समुदाय के बीच अधिक से अधिक समय बिताए तथा समय-समय पर इन क्षेत्रों में रात्रि विश्राम भी करें।

### सरकार ने जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए उठाए कई कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ने जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत राज्य के जनजाति बहुल 4302 गांवों का चरणबद्ध विकास किया जाएगा। इसी क्रम में प्रथम 2 चरणों में 1 हजार 566 गांवों को चिह्नित कर इनके सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम विकास योजनाएं तैयार की जा रही है। अब तक लगभग 12 हजार कार्यो की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। सीएम ने कहा कि जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए परिवर्तित राज्य बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में मेस भत्ता बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रतिमाह एवं खेल छात्रावासों के लिए 4 हजार रुपए प्रतिमाह किया गया है। इसके अतिरिक्त 250 नवीन मां-बाड़ी केंद्र खोलने तथा मां-बाड़ी केंद्रों पर कार्यरत शिक्षा सहयोगियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा भी बजट में की गई है। साथ ही, नवीन अनुसूचित जनजाति छात्रावास, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तथा तीरन्दाजी व एथलेटिक्स खेल अकादमी स्थापित करने का भी प्रावधान किया गया है। बैठक में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. जोगाराम ने पीपीटी के माध्यम से विभागीय संरचना, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी दी।

### आदिवासी क्षेत्रों के स्थानीय उत्पादों को मिले बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के वन-धन केंद्रों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाकर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दें। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में होने वाले जामून, सीताफल, हर्बल गुलाल जैसे उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग कर उन्हें उचित बाजार उपलब्ध कराएं, जिससे आदिवासी समुदाय के लोग आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के निवासियों को वनाधिकार पत्र शीघ्र जारी करने तथा ग्राम सभाओं की प्राथमिकता के अनुसार विकास कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

## राज्यपाल बागड़े का सीएम ने किया स्वागत



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मनोनीत राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागड़े का मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वागत किया। इस अवसर पर शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मरुधरा पर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर हेरिटेज महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य जन प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राजस्थान हाई कोर्ट ने दिया आदेश

## रिटायर के एक दिन पहले अलवर दुग्ध संघ के एमडी का निलंबन रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने अलवर दुग्ध संघ के एमडी को रिटायर होने के एक दिन पहले राहत देते हुए उनके निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश सूबेदीन खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोपों की जांच की जा सकती है। वह 31 जुलाई को रिटायर हो रहा है, ऐसे में वह जांच को प्रभावित नहीं कर सकता, इसलिए उसे निलंबित करना उचित नहीं है।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि याचिकाकर्ता को अलवर दुग्ध संघ के एमडी पद से गत 20 फरवरी को पदावनत कर उप प्रबंधक बना दिया था। इस आदेश पर हाई कोर्ट ने रोक लगाते हुए मामले में यथास्थिति बनाए रखने को कहा था। इसके चलते विभाग उससे द्वेषता रखता है। याचिका में कहा गया कि उसे 23 मई को यह कहते हुए निलंबित कर



दिया कि उसने वर्ष 2022 में सवाई माधोपुर और टोंक में पदस्थापित रहते हुए वित्तीय अनियमिता की है। इसके बाद 29 मई को उसे इस संबंध में आरोप पत्र भी दिया गया।

इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि उसका 40 साल का कॅरिअर बेदाग रहा है और उसके खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। इसके बावजूद भी उसे द्वेषता के कारण निलंबित किया गया है। इसके विरोध में राज्य सरकार और दुग्ध संघ की ओर से कहा गया कि जांच में गंभीर वित्तीय अनियमिता पाई गई थी। यदि याचिकाकर्ता पद पर रहता तो जांच को प्रभावित कर सकता है। इसलिए उसे निलंबित किया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है।

## अवैध बजरी खनन के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान हंगामा हो गया। इस बार मुद्दा अवैध बजरी खनन का था, जिसका जवाब देते हुए मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने अब तक की गई कार्रवाई के आंकड़े पेश कर दिए। हालांकि जब नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली खड़े हुए तो उन्होंने सरकार पर अभियान को जल्दी बंद करने का आरोप लगाया, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। जूली ने कहा कि राजस्थान के 15 जिलों में अवैध खनन किया जा रहा है। स्थगन के माध्यम से पहले भी इस मुद्दे को सदन में उठाया है, लेकिन आज जब वही मुद्दा वापस उठा तो मंत्री ने कहा कि इस संबंध में अभियान चलाए गए थे, जिनसे उसे काफी हद तक रोकने में कामयाबी मिली। मैं सिर्फ उनसे यह जानना चाहता हूं कि सरकार ने इन अभियानों को बंद क्यों कर दिया? कांग्रेस नेता ने आगे कहा, ‘प्रदेश में हालात ऐसे हैं कि एसडीएम जाब्ता मांगती हैं और एसएचओ आने से मना कर देता है फिर बिना जाब्ते के उन्हें अकेले जाना पड़ता है, इसीलिए मंत्री से पूछना चाहता हूं कि क्या प्रदेश में अवैध खनन पर रोक लग गई जो आपने यह अभियान बंद कर दिया? यह अभियान एक सेटिंग कराने के लिए चलाया गया था और सेटिंग होते ही अभियान को बंद कर दिया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। बीजेपी के नेता इन आरोपों को गलत करार देते रहे, वहीं विपक्ष के नेता जोर-जोर से मेज पीटते रहे। इसके बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों पर जवाब देते हुए सदन में कहा, ‘कोई भी अभियान 2-3 सालों तक नहीं चलता।

---

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा...

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खोले जाएंगे पांच नए आंगनबाड़ी केंद्र: दिया

बेधड़क | जयपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि इस वर्ष बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण का कार्य पंचायतीराज, स्थानीय निकाय एवं राजस्व विभाग से निशुल्क भूमि आंवटन हो जाने पर विभाग द्वारा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों




का जवाब दे रही थीं। उन्होंने बताया कि सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों के 28 नवीन भवन निर्माण के लिए वर्ष 2017-18 में जिला परिषद् श्रीगंगानगर द्वारा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। इनमें से 17 निर्माण पूरे किए जा चुके हैं तथा 3 भवन निर्माणाधीन हैं।

### किराए की जगह बनाए जाएंगे स्वयं के भवन

इससे पहले विधायक डूंगरराम गेदर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सूरतगढ़ के अंतर्गत एक परियोजना सूरतगढ़ संचालित है, जिसमें कुल 319 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं। उन्होंने बताया कि उक्त 319 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 69 स्वयं के विभागीय भवन में संचालित हैं, शेष 250 आंगनबाड़ी केंद्र अन्य राजकीय भवनों, किराए के भवनों एवं निजी निशुल्क भवनों में संचालित हैं। उन्होंने इन आंगनबाड़ी केंद्रों का विवरण सदन के पटल पर रखा। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि विभागीय भवन के अलावा अन्यत्र संचालित किए जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राज्य सरकार विभागीय भवन निर्माण करने का विचार रखती है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण का कार्य भूमि आंवटन हो जाने पर विभाग द्वारा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता से क्रमश: किराए के भवनों, निशुल्क भवनों, सामुदायिक भवनों एवं अंत में राजकीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार करवाया जाता है।

### ‘मनु भाकर ने रचा इतिहास, एक और मौका’

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शूटर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को पेरिस ओलंपिक में दस मीटर मिक्स टीम एयर पिस्टल इंवेट में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। दिया कुमारी ने कहा कि शूटिंग के ये पदक भारत की शान को दुनिया भर में बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनु भाकर ने न केवल देश का नाम रोशन किया है बल्कि इतिहास भी रच दिया है क्योंकि वे स्वतंत्र भारत के इतिहास में अब तक की पहली खिलाड़ी है, जिन्होंने एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल किए है। दिया कुमारी ने मनु भाकर का आह्वान किया कि वे पूरी लगन से पेरिस ओलंपिक के 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग ले और उन्हे पूरी उम्मीद है कि वे तीसरा मेडल जीत कर अपना नाम भारत के खेल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवा लेगी। ये मेडल भारत के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर भी है क्योंकि यह भारत के लिए शूटिंग टीम इवेंट का अब तक का पहला मेडल है।


NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर
NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
ESTD. 2017
Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956
ADMISSIONS
OPEN 2024-25
REGISTER NOW
B.Com, M.Com
BCA, MCA
BDS, MDS
B.Tech., M.Tech.
B.Sc., M.Sc.
BA, MA
D.MLT, B.MLT
B.Pharm, D.Pharm
Yoga
BPT, MPT
B.Sc. Nursing
LL.B., LL.M.
B.Sc. (Hons.) Agri, M.Sc. (Ag) Agronomy, DAESI
SALIENT FEATURES
• Industry Oriented Programmes
• Lush Green Campus
• Modern Infrastructure
• Highly Qualified & Committed Faculty
• Hi-Tech Labs
• Interdisciplinary Research Cell
• Innovative Teaching-Learning
• Placement Cell
• Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
• Separate Hostel for Boys'& Girls'
• Transportation Facilities
• Sports Facilities
• Extra-Curricular Activities
• Admissions through CUET 2024-25
INNOVATION CULTURE
Inculcate the Spirit of Innovation: Be part of a Culture that Fuels Creativityand Drives Progress
BEST FACULTY
Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty: Empowering Minds and Shaping Futures
TOP PLACEMENT
Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way
GLOBAL TIE-UPS
Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships
idp
sas
25+
STATES
20000+
STUDENTS' NETWORK
25 Yrs'
OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION
MORE INFORMATION: +91 9289800300
MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## जरूरी खबर

### कोटखावदा BJP वृहद कार्य समिति की बैठक संपन्न



**चाकसू।** भाजपा मंडल कोटखावदा वृहद कार्य समिति की बैठक मंगलवार को श्री देव नारायण मंदिर परिसर में कन्हैयालाल मीना के मुख्य आतिथ्य और मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिला उपाध्यक्ष श्रवण लाल गुर्जर ने बताया कि इसमें संगठनात्मक विषयों और पार्टी द्वारा कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि कन्हैया लाल मीना ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर संगठन के लिए काम करने पर जोर दिया।

### रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक रंगे हाथों गिरफ्तार

**नागौर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने नागौर जिले के डेगाना में उपखंड अधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक को 9,800 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरा ने बताया कि परिवादी ने एसीबी की नागौर इकाई में शिकायत की कि केसीसी ऋण चुकाने में विफल होने पर बैंक से समझौता होने के बाद डेगाना के उपखंड अधिकारी कार्यालय से उसके विरुद्ध रोडा एक्ट की कार्रवाई बंद करवाने और जमीन के उत्परिवर्तन में बैंक का नाम हटवाने की एवज में उपखंड अधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक अशोक 9,800 रुपए की रिश्वत मांग रहा है।

### प्रदेशभर की जेलों में चला सर्च अभियान



**जयपुर।** दौसा जिले की श्यालावास जेल से कैदी द्वारा जयपुर कंट्रोल रूम को फोन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी देने की घटना के बाद मंगलवार को जेल प्रशासन की ओर से प्रदेशभर की जेलों में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान कई जेलों में आपत्तिजनक सामान और मोबाइल बरामद किए गए। प्रदेश की पंद्रह जेलों में तलाशी ली गई थी। पुलिस महानिदेशक राजेश निर्वाण का कहना है कि प्रदेश की जेलों की सुरक्षा के लिए उच्च स्तरीय जांच करवाई जा रही है। मोबाइल, सिम कार्ड, मादक पदार्थसहित अन्य चीजें रोकने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव किए जाएंगे। इसके लिए जेल विभाग नई एसओपी तैयार करेगा।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य

# 18 करोड़ की लागत से तैयार होगा रामदेवरा रेलवे स्टेशन

बेधड़क | जोधपुर




उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसके तहत पुनर्विकसित रामदेवरा स्टेशन पर नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं तथा मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन से यात्रियों को बेहतर और उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रामदेवरा स्टेशन पर 18.22 करोड़ की लागत से विभिन्न कार्य करवाए जाने की योजना तैयार की गई है। स्टेशन बिल्डिंग पर नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है, स्टेशन के पोर्च के फाउंडेशन का कार्य तथा वेटिंग हॉल के छत लेवल का कार्य पूरा कर प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है। स्टेशन पर वेटिंग रूम, स्टेशन अधीक्षक कक्ष तथा वीआईपी कक्ष के छत लेवल का कार्य पूरा कर लिया गया है साथ ही प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही स्टेशन पर बुकिंग कार्यालय की चिनाई और प्लिंथ तक मिट्टी भरने का काम पूरा हो गया है। स्टेशन पर सिगनलिंग और इलेक्ट्रिक केबल प्रणाली कार्य को सुव्यवस्थित कर दिया गया है। साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी सुचारू रूप से पुनः शुरू कर दी गई है। बुकिंग कार्यालय के प्लिंथ लेवल का कार्य पूरा हो गया हैं एवं सर्कुलेटिंग एरिया विकसित करने के लिए कार्य को तीव्र गति किया जा रहा है। इसमें इस निर्माण कार्य के तहत विशिष्ट अथिति कक्ष, यात्रियों के वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा मुख्य द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया आदि का निर्माण कार्य किया जाएगा।

### स्टेशन पर नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं

स्टेशन की ओर आने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान, साइनेज इत्यादि में सुधार तथा सर्कुलेटिंग एरिया के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्य, वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, यात्रियों को उतारने और चढ़ाने के लिए बरामदे (पोर्च) का प्रावधान, दोगुनी ऊंचाई वाले चौड़े प्रवेश कक्ष, स्टेशन पर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग शौचालयों के साथ बेहतर प्रतीक्षा कक्ष, सर्कुलेटिंग एरिया में पे एंड यूज शौचालय, रेल कोच जलपान गृह, नए अतिथि कक्ष, स्टेशन भवन के आंतरिक तथा बाहरी भाग का सुधार तथा 12 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल (एफओबी) का प्रावधान, नये प्लेटफार्म आश्रयों (सेल्टर्स) का प्रावधान, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं सहित नए शौचालय ब्लॉक और पानी बूथ आदि विकास कार्य किए जाएंगे।

### मथुरा-अयोध्या व हरिद्वार के लिए स्पेशल ट्रेन

**जोधपुर।** रेलवे जोधपुर-मऊ-जोधपुर साप्ताहिक (2 जोड़ी) व भगत की कोठी-हरिद्वार-भगत की कोठी ट्रेनों का संचालन करेगा। यह ट्रेन मथुरा व अयोध्या भी रुकेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ट्रेन जोधपुर-मऊ वीकली स्पेशल 4 अगस्त से 29 सितंबर तक (9 ट्रिप) करेगी। स्पेशल ट्रेन जोधपुर से रविवार को 17:30 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 23.00 बजे आगमन व 23.10 बजे रवाना होकर सोमवार को 23.20 बजे मऊ पहुंचेगी। ट्रेन मऊ-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 6 अगस्त से 1 अक्टूबर तक (9 ट्रिप) करेगी। यह मऊ से मंगलवार को अपराह्न 4 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 2:50 बजे आगमन व 3 बजे रवाना होकर 8:55 बजे जोधपुर पहुंचेगी। ट्रेन भगत की कोठी (जोधपुर)-हरिद्वार वीकली 1 अगस्त से 26 सितंबर तक (9 ट्रिप) करेगी। यह भगत की कोठी से गुरुवार को 8.30 बजे रवाना हो शुक्रवार को 3.40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। ट्रेन हरिद्वार-भगत की कोठी वीकली स्पेशल 2 अगस्त से 27 सितंबर तक (9 ट्रिप) चलेगी। हरिद्वार से शुक्रवार 5 बजे रवाना हो 23.55 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी।

## अजमेर में थानेदारों से मंथली वसूली का मामला

# IPS राजेश मीणा, RPS सोनवाल समेत 15 पुलिसकर्मी बरी

बेधड़क । जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा 11 साल पहले दर्ज किए गए मंथली घूसकांड में अजमेर की डेजिग्नेटेड कोर्ट ने तत्कालीन अजमेर पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा और एडिशनल एसपी लोकेश सोनवाल समेत 15 पुलिसकर्मियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने सोमवार को थानेदारों से मंथली वसूली के मामले में अपना फैसला सुनाया है। मामले में एसीबी द्वारा बनाए गए आरोपी तत्कालीन एसपी राजेश मीणा, एएसपी लोकेश सोनवाल सहित 9 सीआई, 2 एसआई व 2 अन्य आरोपी को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से 90 गवाह व 330 दस्तावेज पेश किए गए। इस मामले में बचाव पक्ष की अंतिम बहस पूरी होने के बाद निर्णय के लिए 30 जुलाई की तारीख पेशी तय की थी। इस मामले में अभियोजन की ओर से प्रस्तुत एक अर्जी पर सुनवाई सोमवार को ही हुई है। गौरतलब है कि एसीबी रिपोर्ट के अनुसार रामदेव ठठेरा सोनवाल के ऑफिस से उनकी विभागीय कार में बैठकर पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा के घर पर 2.05 बजे पहुंचा। उसके वहां बैठने के कुछ ही देर में एसीबी टीम पहुंच गई। टीम ने वहां से रामदेव ठठेरा और राजेश मीणा को एक थैली में रखे 2 लाख 5 हजार रुपए नकद और ठठेरा के जेब में रखी विभिन्न थानों के नाम में अंक लिखे पर्चियों सहित गिरफ्तार किया था। राजेश मीणा ने तब राशि लेने से इंकार किया था, लेकिन एसीबी के अधिकारियों ने उनको गिरफ्तार कर लिया था। राजेश मीणा वर्तमान में आईजी सुरक्षा के पद पर पुलिस मुख्यालय में तैनात है।



### 2 जनवरी 2013 का है मामला

थानेदारों से मंथली वसूली प्रकरण में एसीबी ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा और दलाल जोधपुर निवासी रामदेव ठठेरा को 2 जनवरी 2013 को दो लाख पांच हजार रुपए एक थैली रखे होने के साथ गिरफ्तार किया था। मीणा की गिरफ्तारी के बाद मामले में आरोपी बनाए गए एडिशनल एसपी लोकेश सोनवाल ने हाईकोर्ट के निर्देश पर कोर्ट में समर्पण किया था। एसीबी ने इस मामले में 9 सीआई, 2 एसआई व दो अन्य जनों को आरोप बनाया था। एसीबी ने थानेदारों से मंथली लेने की सूत्र सूचना के आधार पर रामदेव ठठेरा का फोन सर्विलांस पर लिया था। इस दौरान एसीबी ने माना था कि अजमेर के तत्कालीन एसपी राजेश मीणा व लोकेश सोनवाल थानों से मंथली लेते हैं। एसीबी ने इस मामले में तत्कालीन एसीबी के एडीजी अजीत सिंह कार्रवाई कर सभी को गिरफ्तार किया था और उनके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। पिछले दस साल से कोर्ट में ट्रायल चल रही थी। एसीबी के जिम्मेदार अधिकारियों ने माना था कि ठठेरा प्रत्येक महीने की एक से पांच तारीख तक थानेदारों से वसूली करते थे और एसपी व एडिशनल एसपी तक पहुंचाते थे। एसीबी द्वारा लगाए गए आरोपों को कोर्ट ने निराधार माना है और सभी को अब बरी कर दिया है।

### कोर्ट ने इन अधिकारियों को किया बरी





मंथली वसूली मामले में तत्कालीन अजमेर एसपी राजेश मीणा, ASP लोकेश सोनवाल, दलाल रामदेव ठठेरा और थाना प्रभारी सहित 14 आरोपी थे। कोर्ट ने तत्कालीन अजमेर एसपी राजेश मीणा, एडिशनल एसपी शहर लोकेश सोनवाल, दलाल रामदेव ठठेरा, पुलिस इंस्पेक्टर हनुमान सिंह, जयपाल धार्डिया, खान मोहम्मद, रविंद्र यादव, कुशाल चौरडिया, गोपाल लाल, बंसीलाल, प्रमोद स्वामी, संजय शर्मा, सुनील विश्नोई और अशोक विश्नोई को कोर्ट ने बरी कर दिया।

### एसीबी ने इनको बनाया था आरोपी

एसीबी ने अनुसंधान के बाद आरोप पत्र पेश किया और तत्कालीन सीआई प्रमोद स्वामी, खान मोहम्मद, संजय शर्मा, अशोक विश्नोई, रविंदर यादव, हनुमान सिंह राठौड़, जयपाल सिंह, सुनील विश्नोई, खुशाल चौरड़िया, गोपाल लाल, बंशीलाल और हेमंत जैन को भी आरोपी माना था और सभी गिरफ्तार होने के बाद जमानत पर रिहा हुए थे।

### एसीबी ने यह बनाई थी मंथली की कहानी

एसीबी के जांच अधिकारी ने माना था कि जोधपुरी सफारी पहनकर रामदेव ठठेरा वाल्वो बस से अजमेर से आया था। इसकी सूचना एसीबी को थी। वह बस से उतरकर सीधा बस स्टैंड पुलिस चौकी गया और वहां उपस्थित एएसआई भागीरथ सिंह से मिला। उसने अपनी थैली से प्रसाद निकालकर भागीरथ और वहां उपस्थित सिपाही मोतीराम को दिया। इसके बाद उसने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनवाल के घर पहुंचाने के लिए उनसे कहा। मोतीराम सिपाही ठठेरा को बाइक पर बैठाकर ले गया और सोनवाल के मकान के बाहर छोड़कर आ गया। ठठेरा सोनवाल के मकान में गया और कुछ देर बाद बाहर निकला और पास ही स्थित आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष हबीब गौरान से भी मिलने चला गया। वहां कुछ देर रुकने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनवाल के कार्यालय पहुंचा। वहां से कई बार बाहर निकला और थानेदारों से मुलाकात करते हुए वापस कार्यालय में भीतर बैठ गया। ठठेरा पर यह भी आरोप था कि वह थानेदारों से मंथली लेकर कुल रुपए के दो लिफाफे बनाता और एक लिफाफा पुलिस अधीक्षक मीणा को और एक लिफाफा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनवाल को देता है।

## सामुदायिक भवन की छत गिरी

# चार मजदूरों की मौत, नौ को सुरक्षित निकाला



बेधड़क | राजसमंद

जिले के नाथद्वारा में सोमवार रात सामुदायिक भवन की निर्माणाधीन छत गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई है। करीब पांच घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मंगलवार सुबह करीब चार बजे मलबे में दबे नौ और मजदूरों को निकाला गया। सभी की हालत काफी गंभीर है।

घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर भंवर लाल और एसपी मनीष त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। पहले तो प्रशासन ने अपने स्तर पर जेसीबी मंगवाकर मजदूरों को निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर एसडीआरएफ को बुलाया गया। सभी शवों को नाथद्वारा के लालबाग स्थित जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि नाथद्वारा के टीमेला गांव में मेघवाल समाज का सामुदायिक भवन बनाया जा रहा था। सोमवार रात निर्माणाधीन भवन की छत गिर गई। छत के गिरने से 13 मजदूर मलबे में दब गए, जिसमें से तीन मजदूरों के शव रात एक बजे तक निकाल लिए गए, वहीं एक और मजदूर का शव रात करीब तीन बजे निकाला गया। हादसे में कालू लाल मेघवाल, शांति लाल मेघवाल, भगवती लाल मेघवाल और भंवर लाल मेघवाल की मौत हुई है। टीमेला के ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले नए बन रहे सामुदायिक भवन की छत डाली गई थी।

### साफ-सफाई के लिए धर्मशाला गए थे समाज के लोग

राजसमंद जिला कलेक्टर डॉ. भंवरलाल ने बताया कि चिकलवास गांव में मेघवाल समाज की ओर से जनसहयोग से धर्मशाला का निर्माण करवाया जा रहा था। सोमवार दिन में छत के नीचे से बांस की बल्लियों को हटाया गया और उसके बाद सोमवार रात 9 बजे गांव के लोग निर्माणाधीन धर्मशाला की साफ-सफाई व रंग रोगन के लिए गए, इसी दरम्यान छत भरभराकर नीचे गिर पड़ी। साफ सफाई का कार्य कर रहे 13 लोग उसके नीचे दब गए। आस-पास कोई घर भी नहीं था। बाद में छत के नीचे दबे वार्डपंच हीरालाल ने मोबाइल से कॉल कर गांव में हादसे की सूचना दी। बाद में गांव से बड़ी तादाद में ग्रामीण पहुंचेञ इसके बाद खमनोर थाना प्रभारी भगवानसिंह, नाथद्वारा डीएसपी दिनेश सुखवाल मय जाब्ते के घटना स्थल पर पहुंचे।

## 7000 लीटर तेल सीज

**कोटा।** खाद्य सुरक्षा विभाग 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत मंगलवार को कोटा में कार्रवाई करते हुए 7 हजार लीटर मूंगफली व तिल का तेल सीज किया गया है। प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मौके से दूसरे ब्रांड से पैक्ड टीन के पीपे मिले हैं। इसके अलावा बिना ब्रांड का पीसी में भारा हुआ 30 लीटर तिल का तेल भी मिला है।

## आगरा-मुंबई हाईवे पर लगाया जाम

# टैंकर ने बाइक सवारों को रौंदा, आक्रोशित भीड़ ने चेकपोस्ट में लगाई आग

बेधड़क | धौलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के सागर पाड़ा चेक पोस्ट पर सोमवार देर रात को दूध से भरे बेकाबू टैंकर ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद टैंकर एक मकान में भी घुस गया। दुर्घटना में दोनों बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई, वहीं टैंकर से मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना से आक्रोशित लोगों ने परिवहन विभाग की अस्थाई चेक पोस्ट में आग लगाने के साथ तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों ने जाम लगा दिया। जानकारी के मुताबिक, सोमवार देर रात को ग्वालियर की ओर जाते एक तेज रफ्तार टैंकर ने सागरपाड़ा के रहने वाले दो युवक जगदीश (22) पुत्र हुकुम सिंह कोली और नहनो (22) पुत्र नत्थी कोली की बाइक को टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर मारने के बाद टैंकर सड़क किनारे कॉलोनी के एक मकान में जा घुसा। टैंकर की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई। दोनों युवक बाजार से वापस अपने घर की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। घटना से नाराज लोगों ने परिवहन विभाग की अस्थाई चेकपोस्ट में आग लगाते हुए वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना से नाराज लोगों ने शव उठाने से इनकार कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसपी सुमित मेहरड़ा पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाया।



### बस की टक्कर से दादा-पोते की मौत





**झुंझुनूं।** जिले के सिंघाना इलाके में मंगलवार सुबह एक बस की टक्कर से बाइक सवार दादा और पोते की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पोती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दादा अपने पोता-पोती को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद बस पलट गई। पुलिस के अनुसार रायपुर जाटान गांव के रहने वाले रिटायर हवलदार सत्यवीर सिंह (60) पुत्र शोभ सिंह अपनी पोती शिक्षा (10) और पोते प्रवेश (6) को सुबह बाइक पर लेकर गांव से निकले थे। 5 किमी दूर वे बच्चों को घरडाना स्थित प्राइवेट स्कूल छोड़ने जा रहे थे। घरडाना स्कूल से 1 किमी पहले ही हादसा हो गया। सिंघाना के सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि सत्यवीर सिंह व प्रवेश को सिंघाना के राजकीय अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घायल बालिका शिक्षा को चिड़ावा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जयपुर रेफर किया गया है। शिक्षा की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

### श्रमिक की मौत के बाद हंगामा, वाहनों के शीशे तोड़े

**बाड़मेर।** पचपदरा के निकटवर्ती रिफाइनरी में सोमवार देर शाम एक श्रमिक की लोहे के पाइप के नीचे दबने से मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद हंगामा खड़ा हो गया। मौत की सूचना मिलने पर परिजन व आसपास के ग्रामीणों ने रिफाइनरी के मेन गेट को बंद कर दिया। इससे बड़ी संख्या में कर्मचारी अंदर ही फंस गए। गुस्साए लोगों ने शिफ्ट के दौरान मजदूरों को लाने-ले जाने वाली दो बसों, बोलेरो कैंपर और बाइक में तोड़फोड़ कर दी। ग्रामीणों ने मजदूर की मौत के लिए रिफाइनरी मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाए। धरना-प्रदर्शन की सूचना पर एएसपी धर्मेंद्र यादव और एसडीएम राजेश विश्नोई मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल और मैनेजमेंट से बात कर रात 1.30 बजे धरना खत्म करवाया। पचपदरा थानाधिकारी अमराराम खोखर ने बताया कि रिफाइनरी में सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे मेगा साइट पर पाइप लाइन डालने का कार्य चल रहा था। डीबीसी कम्पनी में कार्यरत रिछोली निवासी श्रमिक नसीर खान पुत्र रेहमत खान वहां से गुजर रहा थे। क्रेन से लटकते लोहे के पाइप के नीचे गिरने से श्रमिक नसीर खान की मौत हो गई। नासिर की मौत होने की खबर के फैलने के बाद साथी मजदूर, परिजन और ग्रामीण कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गेट नंबर चार पर जुट गए और प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने कंपनी के सभी गेट बंद करा दिए।

## जरूरी खबर

### त्योहारी सीजन में 53 जोड़ी ट्रेनों में बढ़ाए 121 डिब्बे



**जयपुर।** अगस्त और सितंबर में त्योहार को देखते हुए ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बढ़ गई है। ऐसे अगले महीने तीज, रक्षाबंधन समेत दूसरे त्योहार को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे से चलने वाली कई ट्रेनों में अस्थाई तौर पर एसी, स्लीपर और जनरल कोच बढ़ाए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि रेलवे ने आगामी त्यौहारी मौसम में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 53 जोड़ी ट्रेनों में 121 डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की है। यह बढ़ोतरी अगस्त से निर्धारित समय तक रहेगी।

### जेडीए ने 200 जगहों से हटाए अतिक्रमण

**जयपुर।** जेडीए द्वारा मंगलवार को जोन-5 में गोपालपुरा बाईपास से टोंक रोड दुर्गापुरा होते हुए रामबाग तक सड़क के दोनों तरफ करीब 5 किमी तक के एरिया में करीब 200 अतिक्रमणों को हटवाया। इसके अलावा 23 बीघा में बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। 15 से 30 जुलाई तक जयपुर की 49 किमी सड़कों से अतिक्रमणों को हटाया जा चुका है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 में स्थित ग्राम बगराना में ढूंढ़ नदी की करीब 20 बीघा सरकारी भूमि पर भूमाफियों द्वारा अवैध कॉलोनी बसाने के लिए अतिक्रमण कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। जगतपुरा जेएनयू के पास करीब 3 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर 'गौतम एन्कलेव' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई मिट्टी-ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य निर्माण को हटाया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**खुश खबर:** करीब डेढ़ से 2 लाख वाहन चालकों को मिलेगा फायदा

# अब बी-2 बाइपास चौराहा सिग्नल फ्री, आज खुलेंगे क्लोवर लीफ

**बेधड़क** | जयपुर

बी-2 बाइपास चौराहे को सिग्नल फ्री करने के लिए बनाए गए क्लोवर लीफ को बुधवार से आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। इन दोनों एलिवेटेड जंक्शन के शुरू होने के बाद जवाहर सर्किल और एसएफएस मानसरोवर जाने वाले यात्रियों को इसका उपयोग करना होगा। इस ट्रैफिक जंक्शन के शुरू होने के बाद जयपुर में लक्ष्मी मंदिर तिराहे के बाद अब टोंक रोड पर ये दूसरा तिराहा या चौराहा होगा जो सिग्नल फ्री होगा। जेडीए ने मानसरोवर एसएफएस से सांगानेर और दुर्गापुरा से मानसरोवर एसएफएस जाने वाले वाहन चालकों के लिए इस क्लोवर लीफ का निर्माण करवाया है। प्रोजेक्ट के पहले चरण में मानसरोवर से जवाहर सर्किल की तरफ जाने वाले ट्रैफिक के लिए अंडरपास शुरू किया था, जो इसी साल मार्च में खोला गया था। अब चार महीने बाद इन दोनों जंक्शन (क्लोवर लीफ) पर ट्रैफिक शुरू होने के साथ ये प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर जेडीए ने करीब 155 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।



### जनवरी 2022 में हुआ था शिलान्यास

इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास जेडीए ने जनवरी 2022 में किया था। इसे जुलाई 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य था। इस चौराहे से रोजाना ढाई से ज्यादा गाड़ियां (वाहन) गुजरते हैं। इस चौराहे को सिग्नल फ्री बनाने और जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यहां दोनों तरफ क्लोवर लीफ (लम्बाई 600-600 मीटर) बनाए गए हैं।

### बी टू बाइपास चौराहे पर ऐसे चलेगा ट्रैफिक

**दुर्गापुरा से बी टू बाइपास मानसरोवर:** चौराहा पार करने के बाद क्लोवर लीफ पर चढ़ेंगे और उतरकर सर्विस रोड का प्रयोग करते हुए मानसरोवर निकल जाएंगे।
**जवाहर सर्किल से दुर्गापुरा:** अंडरपास की सर्विस रोड का उपयोग करते हुए सांगानेर की ओर के क्लोवर लीफ का उपयोग कर अंडरपास के ऊपर से दुर्गापुरा निकल जाएंगे।
**मानसरोवर से सांगानेर:** सर्विस रोड का उपयोग करते हुए दुर्गापुरा की ओर की क्लोवर लीफ का इस्तेमाल करते हुए अंडरपास के ऊपर से सांगानेर निकल जाएंगे।
**सांगानेर की ओर से जवाहर सर्किल:** चौराहे के अंडरपास के ऊपर से होते हुए दुर्गापुरा के ओर की क्लोवर लीफ से अंडरपास के बराबर सर्विस रोड से सर्किल निकल जाएंगे।

### रामदास मार्ग कट पर अब भी जाम

भले ही जेडीए ने इस प्रोजेक्ट को बनाकर बी-2 बाइपास पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिला दी हो, लेकिन अब इसके स्थान पर रामदास अग्रवाल कट (टोंक रोड से होटल मैरियट जाने वाले तिराहा) पर यातायात जाम की समस्या बढ़ गई। अभी सांगानेर से आने वाला ट्रैफिक जो जवाहर सर्किल, जेएलएन मार्ग, जगतपुरा, मालवीय नगर जाता है। वह अब भी इस कट पर रोड लाइट में रुकता है। इस कारण यहां पीक ऑवर्स पर बहुत लम्बा ट्रैफिक जाम लगता है।

# गुरुकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर सील

# एक क्लास में पढ़ रहे थे 700 बच्चे, एग्जिट को एक ही डोर

## मेयर सौम्या ने किया औचक निरीक्षण, दिल्ली के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसाती पानी भरने से तीन स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर में भी नगर निगम एक्शन मोड में

**बेधड़क** | जयपुर

फायर एनओसी नहीं मिलने पर मंगलवार को गुरुकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर को सील कर दिया। दरअसल, नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर मंगलवार को गोपालपुरा बाईपास स्थित कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करने पहुंची थी। इस दौरान एक कक्षा में 700 बच्चे पढ़ते मिले और एक ही एग्जिट डोर था। दूसरी जगह फायर एनओसी नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे बरसात के पानी में डूबने से तीन स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने यह एक्शन लिया है।

नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर मंगलवार दोपहर 2 बजे सबसे पहले गोपालपुरा बाईपास स्थित गुरुकृपा कोचिंग सेंटर पर पहुंची। यहां उन्होंने मैनेजमेंट से फायर एनओसी दिखाने और बिल्डिंग में लगे फायर उपकरण दिखाने करवाने के निर्देश दिए। मौके पर फायर एनओसी नहीं होने पर उन्होंने मानसरोवर जोन उपायुक्त और फायर उपायुक्त को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद शाम करीब 4 बजे कोचिंग पर ताला लगा दिया गया। मेयर ने क्लास रूम का भी दौरा किया। यहां मेयर क्लास में बच्चों से मिलीं। बच्चों से बातचीत में मेयर ने कहा कि वे एडमिशन लें, वहां पहले ये सुनिश्चित करें कि वहां फायर फाइटिंग सिस्टम लगे हैं या नहीं? फायर एनओसी है या नहीं?



### शिकायत दें, ताकि नगर निगम कर सके कार्रवाई

मेयर ने बच्चों की क्लास लेते हुए नगर निगम की ओर से बनाए नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली की घटना का जिक्र करते हुए बच्चों से कहा- अगर उन्हें लगता है कि उनके कोचिंग सेंटर पर उनकी सुरक्षा को लेकर कोई खतरा है तो उसकी शिकायत नगर निगम प्रशासन को दें। अगर कोचिंग सेंटर के बेसमेंट या किसी कमरे में फायर फाइटिंग सिस्टम न दिखें तो उसकी भी शिकायत आप नगर निगम में कर सकते हैं।इसके बाद मेयर सौम्या गुर्जर कलाम कोचिंग सेंटर पहुंचीं। यहां कोचिंग सेंटर पर न तो फायर एनओसी थी और न ही फायर फाइटिंग उपकरण ठीक से पाए गए। इसके बाद निगम की ओर से इस संस्थान को भी सील किया गया।



### मुख्यालय लेवल पर विशेष कमेटी बनाई

मेयर सौम्या गुर्जर ने बताया कि शहर में ग्रेटर एरिया में संचालित तमाम कोचिंग सेंटर्स की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एनओसी, फायर फाइटिंग सिस्टम का सर्वे और निरीक्षण करने के लिए हमने मुख्यालय स्तर पर कमेटी बनाई है। इसमें नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के उपायुक्त, फायर उपायुक्त, जोन उपायुक्त के अलावा तीन तकनीकी टीम के अधिकारी शामिल किए हैं। ये टीम जल्द शहर का सर्वे करके अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। कोचिंग संस्थाओं को नोटिस जारी करेगी।

**150 के करीब हैं कोचिंग सेंटर्स:** सूत्रों की मानें तो नगर निगम ग्रेटर एरिया में गोपालपुरा बाईपास, टोंक फाटक, प्रताप नगर, मालवीय नगर, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, सोडाला, गुर्जर की थड़ी, मानसरोवर समेत तमाम एरिया में 150 से ज्यादा कोचिंग सेंटर्स संचालित है। इनमें से 95 फीसदी से ज्यादा के यहां फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। न ही इनमें से किसी ने फायर एनओसी ले रखी है। मानसरोवर जोन उपायुक्त सीता वर्मा ने बताया- गुरुकृपा कोचिंग सेंटर पर फायर एनओसी नहीं होने और यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर सील की कार्रवाई की है, जबकि कलाम कोचिंग सेंटर पर न तो फायर एनओसी थी और न ही फायर उपकरण ठीक से पाए गए। इसके बाद इस संस्थान को भी सील किया गया है।

**दिल्ली में हुआ था हादसा:** बता दें कि तीन दिन पहले दिल्ली स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तेज बारिश के बाद पानी भर गया था। इस दौरान यहां आईएएस की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स की क्लास चल रही थी। पानी भरने के बाद यहां कैसे-तैसे करके बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उस दौरान वहां तीन स्टूडेंटस की डूबने से मौत हो गई थी।

**बाजार भी रहा बंद**

# बारिश का पानी भरने पर प्रदर्शन, व्यापारियों ने रोका रास्ता




**बेधड़क**| जयपुर

बड़ी चौपड़ स्थित सर्राफा समिति ने मंगलवार को ड्रेनेज सिस्टम की समस्या के समाधान नहीं होने के विरोध में राजगंज जाने वाले रास्ते को रोक दिया। स्थानीय व्यापारियों ने विरोध में सड़क के बीच बैठकर धरना दिया।

सर्राफा समिति बड़ी चौपड़, जयपुर के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उनकी दुकानों के बाहर बारिश के समय पानी भर जाता है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां ड्रेनेज सिस्टम का समाधान छह वर्ष से अधिक समय हो जाने व मैट्रो प्रशासन की ओर से नगर निगम हेरिटेज को एनओसी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने पर सर्राफ समिति बड़ी चोपड़ जयपुर की ओर से कैलाश नागौरी, अश्विनी तिवारी, विकास अग्रवाल, मनीष मामोड़िया, अजय सर्राफ, राजकुमार कचौरीवाले, सोहन लश्करी सहित व्यापारियों ने दुकानें बंद कर रास्ता रोककर विरोध प्रदर्शन किया।

बाद में माणकचौक थाना पुलिस ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन देकर समझाइश से रास्ता खुलवाया और धरना समाप्त करवाया। आरोप है कि नगर निगम कार्यालय और मेट्रो प्रशासन इस काम को एक-दूसरे पर टाल रहे हैं। व्यापारियों ने मांग की कि संबंधित मामले में अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से कार्य करने के लिए आदेश प्रदान किए जाएं।

**'बेचारी मेडम' वाले बयान का विरोध**

# वकीलों ने कागजी की शव यात्रा निकाली,पुतला फूंका



**बेधड़क**| जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी पर की गई टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस विधायक अमीन कागजी के खिलाफ कलेक्ट्रेट सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया गया। एडवोकेट वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में वकील और आमजन ने अमीन कागजी के पुतले की शव यात्रा निकाली और पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। अंत में कार्रवाई के लिए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि दिया कुमारी प्रदेश की उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ हमारी बड़ी बहन समान है और हमारी बड़ी बहन पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हमने निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र से मांग की है कि ऐसे विधायक पर कार्रवाई कर सदस्यता रद्द की जानी चाहिए अन्यथा अमीन कागजी के आवास का घेराव करेंगे। बता दे कि कांग्रेस के विधायक अमीन कागजी ने दीया कुमारी को लेकर तंज कसते हुए 'बेचारी मैडम' कहा था।

# सफाईकर्मियों की हड़ताल जारी, चहुंओर कचरे के ढेर

**बेधड़क**| जयपुर

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था डगमगाने लगी है। शहर के गली-चौराहों पर कचरे के ढेर नजर आने लगे है। इससे आमजन की परेशानी बढ़ने लगी है। सफाई कर्मचारियों की ओर से अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन और रैलियां निकाली जा रही है। संयुक्त वाल्मीकि और सफाई श्रमिक संघ की ओर से मंगलवार को मालवीय नगर जोन में धर्म सिंह सर्किल से सहाय अस्पताल मार्ग से एलबीएस कॉलेज तक प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद सभा की गई। सभा को सफाई कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी कैलाश किशन लाहोरा, सुरेश बिवाल, दिनेश बेनिवाल, पप्पू पटूणा महामंत्री, कैलाश उम्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने सम्बोधित किया।

**प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने दिए निर्देश**

# पर्यटन स्थलों पर चालू स्थिति में हों सीसी टीवी कैमरे

**बेधड़क** | जयपुर

'राजधानी सहित पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इस के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने पर्यटन स्थलों पर सीसी टीवी कैमरे चालू स्थिति में हों यह भी सम्बंधित अधिकारी सुनिश्चित करें।' ये निर्देश पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बजट घोषणा एवं परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में की गई बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में मंगलवार को पर्यटन भवन में बिंदुवार चर्चा के दौरान दिए।



गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की ओर से 10 जुलाई और 16 जुलाई को व 29 जुलाई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से की गई बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए डीपीआर बनाकर जल्दी ही प्रस्तुत की जाए, ताकि तदनुसार आगे काम किया जा सके। उन्होंने अगली बैठक में अधिकारियों को इस सम्बन्ध में प्रगति रिपोर्ट के साथ आने के निर्देश दिए।

### कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें

प्रमुख शासन सचिव ने निदेशक, पर्यटन विभाग डॉ. रश्मि शर्मा, आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल, पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेन्द्र सहित सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थित में राजस्थान पर्यटन बोर्ड हेतु चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नई पर्यटन नीति के संभावित बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। देश के अन्य सांस्कृतिक स्थानों का अध्ययन कर जयपुर के सांस्कृतिक केंद्रों पर भी आवश्यक उन्नयन हेतु कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# ऊधम सिंह बन गए थे राम मुहम्मद सिंह आजाद



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पंजाब की सरजमीं पर कितने ही ऐसे वतनपरस्त पैदा हुए, जिनकी बहादुरी के क़िस्से आज भी दोहराए जाते हैं मगर राम मुहम्मद सिंह आजाद उर्फ ऊधम सिंह इनमें भी कुछ खास हैं। ऊधम सिंह हिन्दुस्तान की आजादी के ऐसे मतवाले रहे, जिनकी शख़्सियत के बारे में तमाम क़िस्से कहे-सुने जाते हैं, लेकिन मातृभूमि से अटूट प्रेम, त्याग और समर्पण की भावना हर क़िस्से का हिस्सा होती है। शेर सिंह का नाम ऊधम सिंह पड़ने का भी एक दिलचस्प क़िस्सा है। 1933 में वे जब जर्मनी गए, तो अंग्रेज हुकूमत से बचने के लिए उन्हें अपना नाम बदलना पड़ा। उन्होंने ऊधम सिंह के नाम से अपना पासपोर्ट बनवाया और इसी नाम से यूरोप के कई मुल्कों की यात्रा की और आख़िर में इंग्लैण्ड पहुंचे। ऊधम सिंह नाम से पासपोर्ट बनवाने और फिर इसी नाम से उन पर ओ'डायर की हत्या का मुकदमा चलने से उनका यही नाम इतिहास में मशहूर हो गया। संगरूर के सुनाम कस्बे में जन्मे ऊधम सिंह आठ साल की उम्र में ही अनाथ हो गए थे और आगे चलकर उन्होंने 1917 में मैट्रिक पास किया। आजादी की लड़ाई के लिए गदर पार्टी के आंदोलन का नौजवानों पर सबसे ज्यादा असर था। पंजाब के नौजवान क्रांतिकारी विचारों वाली गदर पार्टी की तरफ खिंचे चले जा रहे थे। करतार सिंह सराभा, मदनलाल ढींगरा, सुखदेव, सेवा सिंह ठीकरीवाला और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी गदर पार्टी की ही देन थे। ऊधम सिंह पर भी इसका असर पड़ा और ताउम्र वह गदर पार्टी से ही जुड़े रहे। 1919 का साल उनकी जिंदगी में एक अहम मोड़ लेकर आया। 13 अप्रैल वैशाखी के दिन अमृतसर में वह वाक़या हुआ, जिसके बाद ऊधम सिंह ने जिंदगी का नया मकसद तय किया और जिसे हासिल करने में पूरी जिंदगी लगा दी। ब्रिटिश उपनिवेशवादी काले कानून 'रोलेट एक्ट' का शांतिपूर्ण प्रतिरोध करने हजारों वतनपरस्त जलियांवाला बाग में इकट्ठे हुए थे। सूबे की सरकार को यह बात नागवार गुजरी। तत्कालीन पंजाब गवर्नर माइक ओ'डायर ने अमृतसर के सेना अधिकारी जनरल डायर को यह आंदोलन सख़्ती से कुचलने को कहा। गवर्नर की सरपरस्ती से जनरल डायर के हौसले बुलंद हो गए। नतीजतन डायर ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चलवा दीं, एक हजार से ज्यादा देशभक्त शहीद हुए। ऊधम सिंह ख़ुद जलियांवाला बाग की सभा में मौजूद थे।



## शहीद ऊधम सिंह का शहादत दिवस

*"हत्याकाण्ड के इतने साल गुजर जाने के बाद भी ऊधम सिंह अपने मक़सद से बिल्कुल नहीं भटके थे। उन्हें सिर्फ एक वाजिब मौक़े की तलाश थी। और ए मौक़ा इक्कीस साल बाद, यानी 13 मार्च 1940 को आया। जलियांवाला बाग क़त्लेआम का आदेश देने वाला जनरल डायर तो इंग्लैण्ड पहुंचकर जल्द ही मर गया था, लेकिन माइकल ओ'डायर और पूर्व भारत सचिव लार्ड जेटकिंस अभी जिंदा थे। उनसे बदला लेना अभी बाकी था।"*

क़िस्मत थी कि वह बच गए। नौजवान ऊधम सिंह ने लगकर घायलों की सेवा की और जलियांवाला बाग के शहीदों के ख़ून से सनी मिट्टी को उठाकर कौल लिया कि वे इस कत्ले-आम के जिम्मेदार डायर-ओ'डायर की जोड़ी को एक दिन ख़त्म करके बदला जरूर लेंगे। सन 1922 तक वह नैरोबी में रहे। नैरोबी जाने से पहले ही वह गदर आंदोलन में सक्रिय हो गए थे। बब्बर अकाली दल के मास्टर मोता सिंह और अमृतसर के गरम दल कांग्रेस नेता डॉ। सैफुद्दीन किचलू के वह निरंतर संपर्क में थे। 1922 में वह केन्या से लौटे, तो उन्होंने कुछ समय बब्बर आंदोलन में भी हिस्सा लिया। 1924 में वह अमेरिका चले गए। वहां लाला हरदयाल के संपर्क में आए और फिर गदर पार्टी से जुड़ गए। इसके बाद पंजाब में उनका वास्ता क्रांतिकारी भगत सिंह से हुआ। भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों से वह बेहद प्रभावित हुए थे। अपने से कम उम्र होने के बावजूद भगत सिंह को वह अपना गुरु मानते थे। अमेरिका प्रवास के दौरान ऊधम सिंह ने जर्मनी, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, हॉलैंड, लिथुआनिया, हंगरी, इटली आदि की यात्राएं की और यूरोपीय मुल्कों में हो रहे बदलावों को क़रीब से देखा। 1927 में भगतसिंह के हुक्म पर ऊधम सिंह हिन्दुस्तान वापस लौटे। आए तो अपने साथ क्रांतिकारी गुट के लिए बड़ी संख्या में हथियार लेकर आए। मक़सद मुल्क में क्रांतिकारी गतिविधियां और तेज करना था। जनरल डायर और गर्वनर माइकल ओ'डायर इंग्लैण्ड जा चुके थे और ऊधम सिंह का अकेला मक़सद जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड के गुनहगारों से बदला लेना था। हत्याकाण्ड के इतने साल गुजर जाने के बाद भी ऊधम सिंह अपने मक़सद से बिल्कुल नहीं भटके थे। उन्हें सिर्फ एक वाजिब मौक़े की तलाश थी। और ए मौक़ा इक्कीस साल बाद, यानी 13 मार्च 1940 को आया। जलियांवाला बाग क़त्लेआम का आदेश देने वाला जनरल डायर तो इंग्लैण्ड पहुंचकर जल्द ही मर गया था, लेकिन माइकल ओ'डायर और पूर्व भारत सचिव लार्ड जेटकिंस अभी जिंदा थे। उनसे बदला लेना अभी बाकी था। उस दिन लंदन के कैक्सटन हॉल में एक मीटिंग थी। इत्तिफाक़ से ये दोनों अफसर एक साथ इस मीटिंग में शामिल हुए। ऊधम सिंह को अपना बदला लेने के लिए यह घड़ी ठीक लगी। बैठक ख़त्म होते ही ऊधम सिंह ने दोनों पर दनादन गोलियां दाग दीं। अचानक हुई इस गोलीबारी से जेटकिंस तो गंभीर रूप से घायल हो गया, मगर ओ'डायर ने मौक़े पर ही दम तोड़ दिया। अपने काम को अंजाम देने के बाद ऊधम सिंह भागे नहीं, बल्कि उन्होंने खुद पुलिस को गिरफ्तारी दी। गिरफ्तारी के बाद अदालती कार्यवाही शुरू हुई। हालांकि अदालती कार्रवाई दिखावा भर थी। कोर्ट में जिरह के दौरान ऊधम सिंह ने अपना पूरा नाम राम मुहम्मद सिंह आजाद बताया और बयान दिया, ''हां मैंने यह कृत्य किया और मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। मुझे उनसे नफरत थी। मैंने उन्हें वही सजा दी जिसके वे हक़दार थे।'' ऊधम सिंह को 31 जुलाई, 1940 को पेन्टनविल जेल में फांसी दी गई और उन्हें वहीं दफना दिया गया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

पुण्यतिथि पर विशेष

# ईश्वरीय वरदान थी रफी की आवाज



मुकेश पोपली
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"'दोस्ती' फिल्म का एक गीत 'चाहूंगा मैं तुझे...' इस आशय के साथ लिखा गया था कि इसे लता मंगेशकर एक प्रेम गीत के रूप में गाएंगी और इसके बोल 'चाहूंगी मैं तुझे...' थे। बाद में फिल्म ज्यों-ज्यों आगे बड़ी और एक के बाद एक मोहम्मद रफी की आवाज़ वाले गीत रिकॉर्ड होने लगे तो इस गीत को फिल्म में न रखने का निर्णय लिया गया लेकिन मोहम्मद रफी ने इस गीत को गाने के लिए मात्र एक रुपया लिया और यह गीत फिल्म में रखवाया।"*

फिल्म संगीत की दुनिया में मोहम्मद रफी की आवाज़ को ईश्वर का वरदान कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस गायक कलाकार ने अपनी तेरह वर्ष की उम्र में लाहौर के एक संगीत कार्यक्रम में संगीत सम्राट और अभिनेता कुंदन लाल सहगल से आशीर्वाद प्राप्त किया। दरअसल, जब बहुत देर तक कार्यक्रम बिजली उपलब्ध नहीं होने के कारण शुरू नहीं हो सका तो वहाँ उपस्थित लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। ऐसे में मोहम्मद रफी को स्टेज सौंप दिया गया और उन्हें सुनकर दर्शक वाह-वाह कर उठे। इसी कार्यक्रम में संगीतकार श्याम सुंदर संगीत का इंतजाम देख रहे थे। उन्हें भी मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज़ से प्रभावित कर दिया था। आखिर मोहम्मद रफी ने श्याम सुंदर के संगीत निर्देशन में एक पंजाबी गीत ज़ीनत बेगम के साथ गाकर अपने गायन की शुरुआत की। किसी कारणवश यह फिल्म 'गुल बलोच' 1944 में प्रदर्शित हुई और मोहम्मद रफी की आवाज़ को लोगों ने पहली बार सुना। इसी वर्ष पहली बार 'ऑल इंडिया रेडियो' लाहौर पर उनकी आवाज़ सुनी गई जिसे श्रोताओं ने पसंद भी किया।



वर्ष 1945 में संगीतकार श्याम सुंदर ने ही उन्हें 'गांव की गोरी' फिल्म के लिए एक गीत 'अजी दिल को काबू.......' जी एम दुर्रानी के साथ गाने को दिया। मोहम्मद रफी इस गीत को ही अपना पहला गीत मानते हैं। इस बीच उनकी मुलाक़ात ए आर कारदार, महबूब खान और नज़ीर से भी हुई। फिल्मी दुनिया में वे सम्राट गायक कुंदन लाल सहगल को अपना गुरु मानते थे। इसी तरह मोहम्मद रफी गायक जी एम दुर्रानी से भी बेहद प्रभावित थे। वह नौशाद साहब के साथ-साथ ही वह हुसनलाल भगतराम का भी बेहद आदर करते थे। हुसनलाल भगतराम संगीत के क्षेत्र में फिल्मी दुनिया की पहली जोड़ी रही। मोहम्मद रफी नए-नए गायक ही थे और हुसनलाल भगतराम ने उन्हें 'प्यार की जीत' (1948) के एक गीत 'इस दिल के टुकड़े हज़ार हुए.......' के लिए अनुबंधित कर लिया था। इस गीत को कमर जलालाबादी ने लिखा था। हुआ यूं कि 30 जनवरी 1948 को जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई तो पूरा देश बिलख उठा था। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए पूरा देश उमड़ पड़ा था। ऐसे में संगीतकार हुसनलाल भगतराम और गीतकार राजेंद्र कृष्ण ने मोहम्मद रफी के साथ एक गैर फिल्मी गीत 'सुनो सुनो ए दुनिया वालों...' तैयार किया। बाद में जब यह रिकॉर्ड के रूप में सामने आया तो तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने मोहम्मद रफी को दिल्ली बुलाया और उनसे यह गीत सुना। गीत सुनकर उनकी आँखों में अश्रुधारा बह चली। 1948 के स्वतंत्रता दिवस पर नेहरू जी द्वारा मोहम्मद रफी को 'सिल्वर मेडल' देकर सम्मानित किया गया। मोहम्मद रफी के अनुसार यह उनके जीवन का सबसे बेहतरीन और हमेशा के लिए याद रहने वाला क्षण बन गया था।

मोहम्मद रफी के गीतों की अनेक कहानियां भी हमारे बीच विद्यमान हैं। उन्हीं में से एक कहानी यह भी है कि निर्माता ताराचंद बड़जात्या और निर्देशक सत्येन बोस की 'दोस्ती' (1964) में दो दोस्त हैं जिनमें से एक साज बजाने में और दूसरा गीत गाने में माहिर होता है। लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी ने इससे पहले केवल 'पारसमणि' (1963) के लिए संगीत दिया था जो हिट भी रहा था। 'दोस्ती' फिल्म का एक गीत 'चाहूंगा मैं तुझे...' इस आशय के साथ लिखा गया था कि इसे लता मंगेशकर एक प्रेम गीत के रूप में गाएंगी और इसके बोल 'चाहूंगी मैं तुझे...' थे। बाद में फिल्म ज्यों-ज्यों आगे बड़ी और एक के बाद एक मोहम्मद रफी की आवाज़ वाले गीत रिकॉर्ड होने लगे तो इस गीत को फिल्म में न रखने का निर्णय लिया गया लेकिन मोहम्मद रफी ने इस गीत को गाने के लिए मात्र एक रुपया लिया और यह गीत फिल्म में रखवाया। हम सब जानते हैं कि मोहम्मद रफी को इस गीत के लिए फिल्मफेयर अकादमी की ओर से सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक (पुरुष) के लिए सम्मानित किया गया था। लक्ष्मीकांत प्यारेलाल को इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ और 'चाहूंगा मैं तुझे.......' के लिए मजरूह सुलतानपुरी को सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए सम्मानित किया गया।

मजरूह सुलतानपुरी के लिखे एक और गीत 'क्या हुआ तेरा वादा...' (हम किसी से कम नहीं) को भी सर्वश्रेष्ठ गीत माना गया और उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। इसी गीत के लिए मोहम्मद रफी को भी फिल्मफेयर अकादमी की ओर से सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक (पुरुष) के लिए सम्मानित किया गया। दरअसल, फिल्म के संगीतकार राहुल देव बर्मन को मोहम्मद रफी बेहद पसंद थे और तीसरी मंज़िल के उनके गाए सभी गीत जिस तरह से हिट हुए थे, उससे राहुल देव बर्मन की फिल्मी दुनिया में एक महान संगीतकार के रूप में पहचान बन गई थी। उसके बाद समय गुजरता गया और राहुल देव बर्मन अपने नए-नए प्रयोगों के साथ अपनी अमिट छाप छोड़ते चले गए और संगीतप्रेमी भी उनके संगीत के दीवाने होते चले गए। आपको याद दिलाते चलें कि 'आराधना' के संगीतकार सचिन देव बर्मन थे।

इस फिल्म के निर्माण के दौरान उनकी तबीयत बहुत बिगड़ गई थी और ठीक होने पर भी वे स्टूडियो जाने में असमर्थ थे। उन्होंने अपने पुत्र पंचम को स्टूडियो जाकर दो गीत रिकॉर्ड करने के लिए कहा और साथ ही यह भी कहा कि मोहम्मद रफी साहब को गाने के लिए बुला लिया जाए। उन दिनों राहुल की दोस्ती किशोर कुमार के साथ परवान पर थी। उन्हें लगा कि यह दोनों गीत 'रूप तेरा मस्ताना...' और 'कोरा कागज था...' किशोर कुमार की आवाज़ में अच्छे लगेंगे। यही सोचकर किशोर कुमार को इन्हें गाने का अवसर प्रदान किया और बाद में सचिन देव बर्मन ने जब गीत सुने तो उन्हें भी पंचम का निर्णय सही लगा। अब राजेश खन्ना हिट होते गए और उनके लिए प्रमुख रूप से किशोर कुमार की आवाज़ ली जाने लगी। नासिर हुसैन ने जब 'हम किसी से कम नहीं' के लिए संगीतकार के रूप में राहुल देव बर्मन को और मजरूह सुलतानपुरी को गीतकार के रूप में लिया तो राहुल देव बर्मन ने मोहम्मद रफी को इज्जत बख़्शते हुए 'क्या हुआ तेरा वादा...' जैसा गीत गाने के लिए दिया। सुषमा श्रेष्ठ के साथ मोहम्मद रफी ने जिस शानदार तरीके से इस गीत में अपने सुर लगाए, यह गीत सीधे दर्शकों और श्रोताओं के दिल में उतर गया। इस गीत के लिए मोहम्मद रफी को राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भी सर्वश्रेष्ठ गायक के लिए पुरस्कृत किया गया। राहुल देव बर्मन को लगा कि उन्होंने इस महान गायक की शान में 'आराधना' के समय जो गुस्ताखी की थी, आज उसका प्रायश्चित हो गया है।

व्यंग्य

# कलयुग में गधे खा रहे गुलाब जामुन!



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

जैसे अलीगढ़ तालों के लिए, बनारस साड़ियों के लिए और कश्मीर दुशालों के लिए प्रसिद्ध है, वैसे ही मप्र का मंदसौर शहर शिवना नदी के किनारे बसे भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर और अफीम की खेती के लिए प्रसिद्ध है। कहते हैं मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा पूरे विश्व में अद्वितीय है।


यह प्रतिमा इस संसार की एक मात्र प्रतिमा है जिसके आठ मुख है और जो अलग-अलग मुद्रा में दिखाई देते हैं। कुछ सालों पहले हुए किसान आंदोलन के कारण भी मंदसौर प्रसिद्धि के साथ- साथ बहुत चर्चित भी हो गया था। उस लम्बे अंतराल के बाद एक बार भी यह शहर चर्चित हो गया है। विशेष पर सोशल मीडिया पर इसकी बहुत चर्चा चल रही है। चर्चा क्यों चल रही है, उसे जानने से पहले हम एक मुहावरे के बारे में बात करेंगे। बचपन से हम कई मुहावरे सुनते व पढ़ते आए हैं। उनमें एक मुहावरा "गधे गुलाब जामुन खा रहे हैं।" भी हैं। वैसे आमतौर पर हम "गधे गुलाब जामुन खा रहे हैं।" मुहावरे को इस तरह से चरितार्थ करते है की बहुत काले कलर के लड़के की शादी बहुत ही सुंदर और गौरी लड़की से हो जाए तो हम यही कहते हैं कि गधे को गुलाब जामुन मिल गया अर्थात गधा गुलाब जामुन खा रहा है। पर मंदसौर में ऐसा कुछ नहीं हुआ, जो हुआ अलग ही हुआ। इस बार बहुत लम्बे समय से यहा अच्छी बारिश नहीं हुई तो पुराने जमाने के लोगों के कहे अनुसार एक टोटका किया गया। गधों को फूलमाला पहना कर स्वागत करते हुए उनको गुलाब जामुन खिलाए गए। गधों को गुलाब जामुन खिलाने का टोटका कारगर साबित हुआ।

पप्पू की तरह मंदसौरी गधे भी पास हो गए। शहर मे झमाझम, जोरदार बहुत अच्छी बारिश हुई इसलिए अब यह कहना गलत नहीं होगा कि मंदसौर को और अधिक प्रसिद्धि दिलावाने में वहा के गधों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। चलो इसी बहाने से ही मंदसौर के गधों के तो अच्छे दिन आ (गए)। वास्तव में यह कैसा कलयुग है कि कुछ लोगों को खाने को नहीं मिल रहा है और गधे गुलाब जामुन खा रहे हैं...।


X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहेंगे! बधाई हो @realmanubhaker और सरबजोत सिंह को #ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए। इन दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है।' भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। मनु के लिए, यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है। #चीयर4भारत



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आपरो घणो घणो अभिनंदन सा! गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण, वीर-वीरांगनाओं की पावन धरा राजस्थान आगमन पर आज प्रदेश के नव नियुक्त महामहिम राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े जी का स्टेट हैंगर पर पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया। #आपणो_अग्रणी_राजस्थान @Baga-deHaribhau @RajBhavanJaipur



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
"हम यह देखने में इतने व्यस्त हैं कि हमारे आगे क्या होने वाला है कि हम उस स्थिति का आनंद लेने के लिए समय निकालना भूल जाते हैं जहां हम वास्तव में हैं।"

**नॉलेज कॉर्नर:** भारत में भी बड़ी मात्रा में होता है उत्पादन

# स्वादिष्ट के साथ पौष्टिक भी है 'ब्रोकली'

आपने पत्ता गोभी या फूलगोभी की सब्जी तो बहुत खाई होगी। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि फूलगोभी की तरह दिखने वाली एक और सब्जी खाने में स्वादिष्ट के साथ-साथ पौष्टिक भी है। लेकिन यह बाकी सब्जियों से महंगी होती है। इस सब्जी का नाम ब्रोकली है। कई लोग इस सब्जी से वाकिफ भी होंगे। यूं तो इस सब्जी को विदेशों में उगाया जाता है, लेकिन कम लागत में अधिक पैदावार देने के कारण आजकल भारत में भी इसकी खेती का चलन बढ़ रहा है। इसका सबसे अधिक उत्पादन चीन, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों में किया जाता है। भारत के किसान सिक्को, केलेब्रस, ग्रीन बड, ग्रीन मैजिक, जिप्सी, अर्काडिया, बालथम 29, ग्रीन स्प्राउटिंग मीडिया जैसी किस्मों की ब्रोकली उगा रहे हैं। इसमें ऊपर की तरफ फूलगोभी की तरह बड़ा फूल, और डंठल लगा होता है। इसका रंग हरा होता है, जिसे सलाद के रूप में भी खाया जाता है। इसका उत्पादन दुनियाभर में किया जाता है। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## ब्रोकली के बारे में

ब्रोकली गोभी के परिवार की ही सब्जी है। यह ब्रैसिका ओलेरासिया प्रजाति का पौधा है। यह आस-पास से पत्तियों से घिरी होती है, इसलिए दिखने में हूबहू फूलगोभी जैसी दिखती है। इसे कच्चा भी खाया जा सकता है तथा पकाकर भी। इसमें विटामिन सी और विटामिन के पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसमें सल्फर युक्त ग्लूकोसाइनोलेट यौगिक, आइसोथियोसाइनेट्स और सल्फोराफेन जैसे तत्व भी पाए जाते हैं, लेकिन उबालने से यह कम हो जाते हैं। ब्रोकली की एक प्रजाति का नाम रापिनी है, जिसे ब्रोकली रेब भी कहा जाता है। इसकी अधिकतर किस्में ठंडे मौसम में उगाई जाती हैं। दरअसल गर्मी के मौसम में यह फसल खराब हो जाती है। इसलिए इसे 18 से 23 डिग्री सेल्सियस तापमान वाले स्थानों पर उगाया जाता है। ब्रोकली में मैग्नीशियम, फास्फोरस, जिंक और कैल्शियम सहित कई तत्व अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं।



## इतिहास

ब्रोकली का इतिहास लगभग छठी शताब्दी ईस्वी पूर्व का है। उस समय उत्तरी भूमध्यसागरीय क्षेत्र में लैंड्रेस ब्रासिका फसलों के प्रजनन के कारण इसकी उत्पत्ति हुई। इसकी उत्पत्ति रोमन साम्राज्य में उगाई जाने वाली फसलों के साथ हुई थी। इसके बाद 18वीं शताब्दी तक यह उत्तरी यूरोप में भी फैल गई। 19वीं शताब्दी में इसे इतालवी अप्रवासियों द्वारा उत्तरी अमेरिका में उगाया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और जापानी एफ-1 संकरों के प्रजनन से इसकी पैदावार हुई। उस समय इसकी गुणवत्ता, विकास की गति और क्षेत्रीय अनुकूलन में काफी वृद्धि हुई। सबसे पहले ब्रोकोली शब्द का इस्तेमाल 17 वीं शताब्दी में किया गया था। जो कि ब्रोकली के इतालवी बहुवचन से बना है। इसका अर्थ गोभी का फूलना होता है।

**तीन प्रकार हैं ब्रोकली**

*मुख्यतया ब्रोकली की तीन किस्में पाई जाती है। कैलाबेरी ब्रोकोली, अंकुरित ब्रोकली तथा बैंगनी फूलगोभी। कैलाबेरी ब्रोकोली का नाम इटली के कैलाब्रिया के नाम पर रखा गया था। बैंगनी फूलगोभी को यूरोप और उत्तरी अमेरिका में सबसे अधिक उगाया जाता है।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*


## पेरिस ओलंपिक में चौथे दिन शूटिंग में मिला एक पदक, एथलीटों ने दिखाया दमखम

# आयरलैंड को हराकर मेंस हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल में

बेधड़क | जयपुर

पेरिस ओलंपिक 2024 का मंगलवार को चौथा दिन रहा। बता दें कि खेलों के महा कुंभ की शुरुआत 26 जुलाई से हुई थी। अब तक भारत ने दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। इनमें निशानेबाज मनुभारत और सरबजीत ने ये मेडल जीते हैं। पेरिस ओलंपिक में एथलीटों ने जीत के लिए जबरदस्त दमखम दिखा रहे। मेचों में भारतीय एथलीटों ने भी कई खेलों में अपनी बढ़त बनाई, वहीं कई खेलों में हार का मूंह देखना पड़ा। ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर जीत दर्ज की है। भारतीय मेंस हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराते हुए अजेय अभियान जारी रखा। भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। भजन कौर विमेंस आर्चरी की इंडिविजुअल कैटेगरी के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जबकि अंकिता भकत राउंड ऑफ-32 का मैच हार गई हैं। सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी बैडमिंटन के मेंस डबल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। ओलिंपिक गेम्स की शूटिंग इवेंट में भारत को 12 साल के बाद डबल मेडल मिले हैं। इससे पहले 2012 के लंदन ओलिंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में मेडल दिलाए थे। भारत के धीरज बोम्मादेवरा ने पुरुष सिंगल्स आर्चरी प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 32 में चेक गणराज्य के एथलीट को 29-29, 29-26, 29-28, 28-26 से हरा दिया।

## हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराया, विरोधी टीम को मौका नहीं



**पेरिस**। पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर जीत दर्ज की है। ग्रुप स्टेज के तीसरे मैच में भारतीय हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह लगभग मजबूत की है। भारत ने अपनी विरोधी टीम को एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। इससे पहले भारत का दूसरा ग्रुप मुकाबला अर्जेंटिना के खिलाफ बराबरी पर छूटा था।

हरमनप्रीत एंड कंपनी ने मैच में एरियल का इस्तेमाल करने की अपनी शैली को बनाए रखा और शॉर्ट पास पर अधिक भरोसा किया। आयरलैंड ने कुछ जवाबी हमलों के साथ वापसी करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी इतना खतरनाक नहीं था कि गोल कर सके। इसके अलावा, पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में उनकी विफलता ने उनकी हार में भूमिका निभाई।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने इंडोनिशिया को हराया



**नई दिल्ली**। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का विजयी अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। इस भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियन को 21-13, 21-13 से हराया। सात-ची ने पूरे मैच में आक्रामकता दिखाई और आसानी से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जोड़ी को सिर्फ 40 मिनट लगे और वे जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। स्कोरकार्ड में मैच की तीव्रता नहीं दिख रही थी। विश्व की छठे नंबर की जोड़ी ने खेल के कुछ हिस्सों में जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन सात-ची इंडोनेशियाई जोड़ी के लिए बहुत अच्छे थे। मिड-सेट ब्रेक के बाद, भारतीय जोड़ी ने अपने फ्लैट पुश और थंडरिंग स्मैश की तीव्रता बढ़ा दी।

इंडोनेशियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में क्रॉस-कोर्ट ड्रॉप और शक्तिशाली फ्लैट ड्राइव लगाकर कुछ कौशल दिखाया। वे नेट के करीब खेलना पसंद करते थे, लेकिन सात-ची ने अपने खेल को बेहतर बनाया और एक बार फिर 21-13 से सेट समाप्त किया। हालांकि वे दूसरा सेट हार गए, लेकिन इंडोनेशियाई जोड़ी ने पूरे मैच में भारतीय जोड़ी को कड़ी चुनौती दी।

## हरियाणा की बेटी ने तीरंदाजी में जीते दो मैच



**पेरिस**। ओलंपिक में व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में हरियाणा के सिरसा के ऐलनाबाद की भजन कौर तीरंदाजी की व्यक्तिगत स्पर्धा में लगातार दो मैच जीतकर टॉप 16 में पहुंच गई हैं। भजन कौर ने पहले मैच में इंडोनेशिया की एसएन कमल को 7-3 के अंकों से हराया और टॉप 32 खिलाड़ियों में शामिल हुई। सिरसा जिले से भजन कौर इकलोती ओलंपियन खिलाड़ी हैं। मंगलवार को जब मैच शुरू हुआ तो ऐलनाबाद व पूरे देश के लोग टीवी से चिपक गए। भजनकौर हालांकि पहले मैच में थोड़ा पिछड़ी, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार स्टीक निशाने लगाए। एक बार टीवी पर चिपके लोगों को लगा की नहीं हो पाएगा, लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह कमाल था। भजन कौर ने लगातार स्टीक निशाने लगाए और दोनों मैच जीत गई। भजन कौर के घर में पूरा परिवार व आस पड़ोस के लोग इस मैच को लैपटॉप व एलसीडीसी पर लगातार देखते रहे। जैसे ही भजन कौर ने पहला मैच जीता तो परिवार खुशी से झूम उठा। दूसरे मैच में तो भजन कौर ने जैसे जादू ही कर दिया।

## मैच में हारकर धीरज बाहर



**पेरिस**। पहला मैच जीतने वाले स्टार तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा अपने अगले मैच में हारकर बाहर हो गए हैं. धीरज और एरिक पीटर्स ने शूट-ऑफ में बराबर 10 स्कोर किया था। मगर एरिक का तीर अंदर वाले सर्कल के करीब था इसलिए उन्हें विजेता करार दिया गया।

पुरुष व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड में तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा ने धमाल कर दिया है। उन्होंने अपना यह मुकाबला जीतकर अगले राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है. धीरज ने इस मैच में चेक रिपब्लिक के आर्चर को 7-1 से शिकस्त दी।

## Yuva स्टोरीज




### एनसीईआरटी में प्रोफेसर सहित 123 पदों पर भर्ती

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) की ओर से प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। योग्य उम्मीदवार एनसीईआरटी की ऑफिशियल वेबसाइट www.ncert.nic.in पर जाकर एनसीईआरटी प्रोफेसर भर्ती 2024 के लिए आवेदन कर सकते हैं। एनसीईआरटी भर्ती 2024 के तहत आवेदन की आखिरी तिथि 16 अगस्त तय की गई है। एनसीईआरटी द्वारा ये पद नई दिल्ली, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग स्थित केंद्रों पर भरे जाएंगे। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 जुलाई से शुरू की गई है। इन पदों के लिए आयु सीमा जारी नहीं की गई है। सामान्य/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में 1,000 रुपये का भुगतान करना होगा। हालांकि, एससी/ एसटी/ दिव्यांग श्रेणी और महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन निःशुल्क है। एनसीईआरटी प्रोफेसर भर्ती के तहत विभिन्न विभागों में कुल 123 रिक्तयां भरी जाएंगी।

### सहायक खनिज अभियंता पदों का संशोधित वर्गवार वर्गीकरण जारी

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से भूवैज्ञानिक एवं सहायक खनिज अभियन्ता भर्ती -2024 के अंतर्गत सहायक खनिज अभियंता के पदों का संशोधित वर्गवार वर्गीकरण जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि भूवैज्ञानिक एवं सहायक खनिज अभियन्ता के 24 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन गत 10 जुलाई को जारी किया गया था। विभाग द्वारा सहायक खनिज अभियन्ता के पदों के वर्गीकरण में बदलाव किये जाने के फलस्वरूप संशोधित वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में एक शुद्धि पत्र जारी किया गया। इसका अवलोकन अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर कर सकते है।

### सीबीएसई 10वीं, 12वीं बोर्ड का पुनर्मूल्यांकन परिणाम पर जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं, 12वीं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्सत्यापन 2024 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जिन छात्रों ने सीबीएसई 10वीं, 12वीं परीक्षा 2024 में अपने उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन और अंकों की पुनर्गणना के लिए आवेदन किया था, वे अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, सीबीएसई ने लॉट 2 का रिजल्ट जारी किया है। सीबीएसई कक्षा 10वीं, 12वीं की मार्कशीट 2024 डाउनलोड करने के लिए छात्रों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल जैसे रोल नंबर, स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और सिक्योरिटी पिन दर्ज करना होगा। सीबीएसई ने लॉट 1 का परिणाम 26 जून को जारी किया था। बता दें कि सीबीएसई ने 13 मई, 2024 को कक्षा 10 और 12 के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए। कक्षा 10 के लिए कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.60% था, जबकि कक्षा 12 के लिए यह 87.98% था। जो छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं थे, उन्हें पुनर्मूल्यांकन या सत्यापन के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा 12 के लिए पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया 17 से 21 मई तक चली थी।

## आईटी मंत्री राठौड़ ने किया आर-कैट में लैब का उद्घाटन

# तकनीक के माध्यम से तय किया जा सकता लक्ष्य: राठौड़



बेधड़क | जयपुर

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों के माध्यम से युवाओं के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। ब्लॉकचेन, बिहेवियरल साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसी आधुनिकतम प्रौद्योगिकी को अपनाने में राजस्थान अग्रणी है और इन तकनीकों के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन के अनेक अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मंगलवार को राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) परिसर में बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन समारोह के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में शासन का पारदर्शी और समावेशी होना जरूरी है और तकनीक के माध्यम से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर जैसे नवाचारों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को बधाई दी। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की शासन सचिव आरती डोगरा और आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी उपस्थित थे।

### बिहेवियरल लैब का उद्घाटन

इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आईआईएम, उदयपुर के सहयोग से तैयार बिहेवियरल लैब का भी उद्घाटन किया। यह लैब कॉग्निटिव न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में एडवांस रिसर्च के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इसका उद्देश्य ऐसी वर्क फोर्स तैयार करना है, जो उपभोक्ता के रूप में मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, भावनाओं और व्यवहार को बेहतर ढंग से समझ सके। इससे अकादमिक अनुसंधान, सरकारी नीति और बाजार अनुप्रयोगों में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर कर्नल राठौड़ ने रोबोटिक्स लैब, एपल ट्रेनिंग रूम, रेडहैट और जीआईएस ट्रेनिंग रूम में चल रही गतिविधियों का भी अवलोकन किया।

### साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब काटा फीता


कर्नल राठौड़ ने राज्य की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से तैयार साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब (साइबर रेंज) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान राजकीय डोमेन में अपनी तरह की पहली साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब सुविधा स्थापित करने वाला अग्रणी प्रदेश है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने प्रदेश के विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स और अन्य हितधारकों को ब्लॉकचेन तकनीक से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से तैयार ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर का भी उद्घाटन किया। ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर अत्याधुनिक ब्लॉकचेन समाधानों को विकसित करने और परीक्षण करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। यह विद्यार्थियों और उद्यमियों को अपने स्वयं के ब्लॉकचेन एप्लिकेशन तथा स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट बनाने और होस्ट करने की सुविधा प्रदान करेगा।

### 'अर्ली कॅरिअर प्रोग्राम' के लिए एमओयू

इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की उपस्थिति में राजस्थान के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 'अर्ली कॅरिअर प्रोग्राम' की शुरुआत के लिए एचसीएलटेक के साथ एक एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया। कर्नल राठौड़ ने कहा कि इस पहल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने कॅरिअर को लेकर शुरुआती स्तर पर ही फोकस होंगे और अपने कौशल से सशक्त राजस्थान के निर्माण में भूमिका निभाएंगे। यह कार्यक्रम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वित्तीय स्वतंत्रता की तलाश करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष परियोजना है। उम्मीदवारों को इंटर्नशिप से पहले 6 से 12 महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवारों को 1.70 लाख रुपए से 2.50 लाख रुपए के शुरुआती वेतन पर एचसीएलटेक के साथ पूर्णकालिक आईटी नौकरियों के लिए चुना जाएगा।

## 1.10 लाख MBBS सीटों पर मिलेगा एडमिशन

# नीट यूजी काउंसलिंग 14 अगस्त से, करना होगा रजिस्ट्रेशन



बेधड़क | नई दिल्ली

एनटीए की ओर से 4 जून को अपनी नीट यूजी के रिजल्ट जारी करने के बाद पहले नोटिफिकेशन में 6 जुलाई से काउंसलिंग शुरू होने की बात कही गई थी, लेकिन अब ये 14 अगस्त से शुरू होगी। नीट यूजी 2024 काउंसलिंग के लिए स्टूडेंट्स को mcc.nic.in पर खुद को रजिस्टर करना होगा। इसके बाद ही कैंडिडेटस काउंसलिंग में हिस्सा ले पाएंगे।

दरअसल, पेपर लीक से बोनस मार्क्स तक कई मुद्दों पर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई थी। नीट मामले में पांचवी सुनवाई 23 जुलाई को हुई, जिसमें बोनस मार्क्स देने वाले कैंडिडेटस का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी किया गया। रिजल्ट के साथ-साथ स्कोर कार्ड और कटऑफ मार्क्स भी जारी किए गए। एमएनसी के सेक्रेटरी डॉ. बी. श्रीनिवास ने बताया कि 710 मेडिकल कॉलेज में 1.10 लाख MBBS सीटों के लिए काउंसलिंग होगी। वहीं, आयुष और नर्सिंग सीट के अलावा 21 हजार बीडीएस सीट के लिए भी काउंसलिंग होगी। क्वालीफाई कैंडिडेट को काउंसलिंग से जुड़े सभी अपडेट और नोटिस के लिए एमसीसी की वेबसाइट चेक करने की एडवाइजरी जारी की गई है। पहले राउंड की काउंसलिंग 14 से 31 अगस्त के बीच होगी। काउंसलिंग चार राउंड में पूरी होगी। राउंड-1, राउंड-2 और राउंड-3 के बाद ऑनलाइन स्ट्रे वैकेंसी राउंड होगा। इसके बाद एडमिशन प्रोसेस 30 अक्टूबर 2024 से शुरू होगा। बता दें कि MCC सिर्फ ऑल इंडिया काउंसलिंग करवाता है। जल्दी ही स्टेट की 85% सीटों के लिए काउंसलिंग नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा देंगे। स्टेट और सेंट्रल यूनिवर्सिटीज, मेडिकल इंस्टीट्यूट और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया सभी का क्राइटेरिया इंस्टीट्यूट वाइज अलग-अलग होता है। सेंट्रल लेवल पर ये काउंसलिंग मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एण्ड फैमली वेल्फेयर करवाता है।

ऑल इंडिया कोटा इन सभी के लिए काउंसलिंग करवाता है। साल 1986 में AIQ (ऑल इंडिया कोटा) योजना को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पेश किया गया था ताकि किसी भी स्टेट के स्टूडेंट को दूसरे स्टेट में किसी भी मेडिकल कॉलेज में पढ़ने के लिए किसी भी स्थिति में डोमिसाइल से मुक्त तथा योग्यता के आधार पर मौका (Domicile-Free Merit-Based Opportunities) मिल सके।

## जरूरी खबर

### CM केजरीवाल के समर्थन में रैली... सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** कथित शराब घोटाले से जुड़े केस में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने मंगलवार को जंतर-मंतर पर रैली की। गठबंधन के दिग्गज नेता शरद पवार, अखिलेश यादव, सीताराम येचुरी समेत कई बड़े विपक्षी नेता इसमें शामिल हुए। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार हमला किया तो एक बार वह रो भी पड़े। सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि केजरीवाल को राजनीतिक साजिश के तहत जेल में डाला गया। उन्हें एक बयान के आधार पर जेल में डाल दिया गया।

### EVM-VVPAT के केस में फैसले पर पुनर्विचार नहीं



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम मशीन से 100 फीसदी मिलान कराने पर अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पुर्नविचार संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि 26 अप्रैल के फैसले पर पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता है। दरअसल 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी और ईवीएम मशीन की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

### कैप्टन को पेंशन का भुगतान नहीं, केंद्र सरकार पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'वन रैंक वन' पेंशन योजना के अनुसार सेवानिवृत्त कैप्टन को पेंशन का भुगतान नहीं करने पर मंगलवार केंद्र सरकार की खिंचाई और उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश आर महादेवन की पीठ ने केंद्र सरकार पर दो लाख रुपए जुर्माने का निर्देश देते हुए कहा कि इस राशि को सेना के कल्याण कोष में जमा किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इसके साथ ही भुगतान करने के अंतिम अवसर के तौर पर 14 नवंबर तक का समय सरकार को दिया।

## वायनाड... प्रभावित इलाकों के लिए मदद के हाथ... राहत सामग्री भेजने की तैयारी





*वायनाड।* केरल के वायनाड में ऊंचाई पर स्थित गांवों में मंगलवार को बड़े पैमाने पर हुई भूस्खलन की घटनाओं के बाद प्रभावित इलाकों तक सेना व एनडीआरएफ समेत कई टीमें राहत व बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। प्रभावित इलाकों में तत्काल राहत पहुंचाने के लिए आईसीजी ने कई आपदा राहत टीमें सक्रिय कीं और मौके पर राहत सामग्री पहुंचाई गईं।

### कोचिंग हादसा: NHRC का दिल्ली सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में बेसमेंट में चल रहे एक कोचिंग सेंटर में दो छात्राओं समेत तीन विद्यार्थियों की मौत मामले में दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी किया है। एनएचआरसी ने इनसे दो सप्ताह में इस हादसे को लेकर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। बेसमेंट में चल रहे इस कोचिंग सेंटर में अचानक पानी भर जाने से यह हादसा हुआ। एनएचआरसी ने कहा कि उसने मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लिया है।

**9 बेसमेंट और सील:** दूसरी ओर एमसीडी के अधिकारियों ने मंगलवार को भवन निर्माण के नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 9 बेसमेंट को सील कर दिया। इससे पहले कोचिंग सेंटरों के 20 बेसमेंट सील कर दिए गए थे। वहीं, दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने इस हादसे के मामले में जांच रिपोर्ट मंत्री आतिशी को सौंपी है। जांच रिपोर्ट में कई लापरवाहियों को चिन्हित किया है। इसमें ड्रेनेज सिस्टम को ब्लॉक करना, सुरक्षा कर्मचारियों की ओर से सतर्कता नहीं बरतना आदि शामिल हैं।

## वर्ष 2024-25 के बजट को लोकसभा की मंजूरी

# सीतारमण का पलटवार, UPA में 26 राज्यों के नाम रहते थे गायब

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के हितों पर ध्यान दिया गया है। मगर, दुर्भाग्य से विपक्षी दलों के लोग भ्रम फैला रहे हैं और राज्यों की उपेक्षा का आरोप लगा कर राजनीति कर रहे हैं।


सीतारमण ने लोकसभा में बजट 2024-25 पर चार दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने वर्ष 2024-25 के लिए 48.21 लाख करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दे दी। इसके अलावा सदन ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इनसे संबंधित विनियोग विधेयक भी सदन की ओर से पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है। यह बजट विकसित भारत के लिए है और इसे भौगोलिक विकास के हिसाब से तैयार किया गया है। हम देश में स्थिरता के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों को साधने का प्रयास करके सभी तरह की चुनौतियों से निपटने के प्रावधान किए गए हैं। बजट व्यय में 48.21 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान है जो पिछले साल से 7.3 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट भाषण में कभी किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब यह नहीं है कि उस राज्य को पैसा नहीं दिया जा रहा है और उसकी उपेक्षा की जा रही है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि यूपीए सरकार के समय में 2009-10 के पूर्ण बजट में केवल बिहार और उत्तर प्रदेश का उल्लेख किया गया था और 26 राज्यों का उल्लेख तक नहीं था। उन्होंने विभिन्न राज्यों के लिए बजट में योजनाओं के लिए आवंटन की सूची गिनाते हुए कहा कि उनके बजट भाषण में राज्यों की उपेक्षा करने का झूठ फैलाने की कोशिश की गई है, जिससे उन्हें बहुत पीड़ा है। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपए है जो कोविड के पहले की तुलना में तीन गुना हो गया है। कोविड के प्रभाव से उभर कर अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। प्रभावी पूंजीगत व्यय 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक है जो पिछले साल के संशोधित अनुमान से 18 प्रतिशत से ज्यादा है। उन्होंने दावा किया कि हम राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5% से नीचे लाएंगे।

### हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना, बजट इसी के लिए

#### जम्मू कश्मीर की राजकोषीय स्थिति पटरी पर लौटी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जम्मू कश्मीर की राजकोषीय स्थिति आज पटरी पर लौट आई है। हमने इस साल जम्मू-कश्मीर के केंद्रीय बजट में 17,000 करोड़ रुपए की पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस की लागत के वित्तपोषण के लिए 12,000 करोड़ रुपए शामिल हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह एक भार है जिसे हम अपने कंधों पर लेना चाहते हैं ताकि जम्मू-कश्मीर के पास विकास गतिविधियों पर पैसा खर्च करने के लिए अधिक लचीलापन मौजूद हो। 5,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता भी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय स्थिति मजबूत होने से संघ शाषित क्षेत्र में जनकल्याण पर खर्च बढ़ाने का मौका मिला है।



## झारखंड में रेल हादसा

# पटरी से उतरी मालगाड़ी से टकराई हावड़ा-मुंबई मेल... 2 यात्रियों की मौत

एजेंसी | चाईबासा (झारखंड)



देश में रेल हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। झारखंड में मंगलवार तड़के 3:43 बजे हावड़ा से मुंबई जाने वाली मुंबई मेल चक्रधरपुर रेल मंडल में बड़ाबंबू के पास पहले से ही पटरी से उतरी मालगाड़ी से टकरा गई। इससे हावड़ा-मुंबई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा राजखरसावां और बड़ाबंबू स्टेशनों के बीच हुआ। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि 22 यात्रियों के घायल होने की खबर है। घायलों का इलाज चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में चल रहा है।

मरने वाले दोनों यात्री हावड़ा मुंबई मेल के बी4 कोच में यात्रा कर रहे थे। घटना की वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर-चक्रधरपुर खंड पर रेल परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। रेलवे अधिकारी पटरी की मरम्मत और ट्रेन परिचालन बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि राजखरसवां पश्चिम आउटर और बाराबंबू के बीच एक मालगाड़ी पहले डिरेल हुई थी और जिसके कारण वैगन ट्रैक पर ही था। तभी हावड़ा-मुंबई मेल दूसरी ट्रैक से आ रही थी और उन वैगन्स से टकराकर इसके डिब्बे भी पटरी से उतर गए। साऊथ ईस्टर्न रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि मृतकों के परिजनों को रेलवे की ओर से 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। घायलों को 1 लाख रुपए तक का मुआवजा दिया जाएगा। झारखंड सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए मुआवजा राशि देने की घोषणा की है।

## सीआईआई के सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# निवेशक भारत की ओर देख रहे, मौके न गंवाएं

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा दुनिया भर के निवेशक उत्सुकता से भारत की ओर देख रहे हैं तथा घरेलू उद्योग को आगे आकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

पीएम मोदी पीएम भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 'विकसित भारत की ओर यात्रा' विषय पर आयोजित बजट-पश्चात सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं है और वह 'राष्ट्र प्रथम दृष्टिकोण' को ध्यान में रखते हुए सभी निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि भारत आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है।



#### भारतीय उद्योग के लिए स्वर्णिम अवसर

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियां, प्रतिबद्धता और निवेश वैश्विक विकास की नींव बन रहे हैं। दुनिया भर के निवेशक भारत आने को इच्छुक हैं। विश्व नेता भारत को लेकर सकारात्मक हैं। यह भारतीय उद्योग के लिए स्वर्णिम अवसर है और हमें इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि घरेलू उद्योग को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार के साथ काम करना चाहिए और साथ ही इसे उभरते क्षेत्रों में वैश्विक खिलाड़ी भी बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'सरकार की मंशा और प्रतिबद्धता स्पष्ट है। चाहे वह राष्ट्र प्रथम हो या 5000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना, आत्मनिर्भर भारत... विकसित भारत...हम पूरी लगन के साथ काम कर रहे हैं।

## पंजाब में सियासी घमासान

# SAD के 8 नेता पार्टी से निष्कासित

एजेंसी | चंडीगढ़

शिरोमणि अकाली दल ने मंगलवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण आठ नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। साथ ही सात नेताओं को हलका इंचार्ज के पद से भी हटा दिया है।

पार्टी ने यह भी घोषणा की है कि पार्टी कार्यकर्ताओं से विस्तृत फीडबैक लेने के बाद इन रिक्तियों को जल्द से जल्द भरा जाएगा। वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भूंदड़ की अध्यक्षता वाली पार्टी की अनुशासन समिति ने बैठक में इस आशय का निर्णय लिया।

पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निकाले गए आठ वरिष्ठ नेताओ में गुरप्रताप सिंह वडाला, बीबी जागीर कौर, प्रेम सिंह चंदूमाजरा, परमिंदर सिंह ढींडसा, सिकंदर सिंह मलूका, सुरजीत सिंह रखड़ा, सुरिंदर सिंह ठेकेदार और चरणजीत सिंह बराड़ शामिल हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र प्रभारियों के निष्कासन के बाद खाली हुए सात निर्वाचन क्षेत्रों में नकोदर, भोलाथ, घनुआर, सनौर, समाना, गढ़शंकर और राजपुरा शामिल हैं। बलविंदर भूंदड़ ने बताया कि आत्ममंथन के दौरान यह बात सामने आई कि इन आठ नेताओं ने पार्टी में फूट डालने और इसे कमजोर करने के लिए पार्टी के दुश्मनों के साथ सक्रिय रूप से मिलीभगत की थी।

## लोकसभा में जाति को लेकर घमासान

# अनुराग ठाकुर के तंज पर भड़के अखिलेश...कहा-जाति कैसे पूछ सकते हैं!

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद सत्र के सातवें दिन मंगलवार को अग्निवीर और जातिगत जनगणना पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, राहुल गांधी और अखिलेश यादव भिड़ गए। जाति को लेकर अनुराग ठाकुर के एक तंज पर अखिलेश यादव ने कड़े तेवर के साथ आपत्ति दर्ज कराई।

अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि आपके बोलने के लिए पर्ची आती है। उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती। ठाकुर ने फिर कहा, आजकल कुछ लोगों पर जातिगत जनगणना का भूत सवार है। जिसको जाति का पता नहीं, वो जातिगत जनगणना कराना चाहते हैं। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों ने अनुराग ठाकुर से माफी मांगने कहा। राहुल गांधी ने अनुराग ठाकुर पर गाली देने का आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि आप जाति कैसे पूछ सकते हैं। वहीं,राहुल ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी है, मुझे अपमानित किया है, लेकिन मुझे अनुराग ठाकुर से कोई माफी नहीं चाहिए।

#### जो दलितों-पिछड़ों की बात करता है, उसे गाली खानी पड़ती है: राहुल



राहुल गांधी ने अनुराग ठाकुर के बयान पर सदन में कहा- जो भी इस देश में दलितों की, आदिवासियों की, पिछड़ों की बात उठाता है, जो भी उनके लिए लड़ता है, उसको गाली खानी ही पड़ती है। मैं ये सब गालियां खुशी से खाऊंगा। महाभारत की बात हुई, महाभारत में अर्जुन को सिर्फ मछली की आंख दिख रही थी। उसी प्रकार मुझे सिर्फ मछली की आंख दिख रही है। जाति जनगणना हम कराकर दिखाएंगे। आपको जितनी गाली देनी है, आप दीजिए, हम खुशी से ले लेंगे।

#### अग्निवीर योजना पर भी अनुराग व अखिलेश में नोक-झोंक



लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मंगलवार को एक और मौके पर अखिलेश यादव और अनुराग ठाकुर के बीच तीखी नोक-झोंक हो गई। दरअसल, अखिलेश यादव ने आम बजट को नाउम्मीदी भरा बताते हुए कहा कि मोदी सरकार के इस बजट से किसी वर्ग में कोई खुशी नहीं है। बजट में पढ़ाई, दवाई, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर कोई ठोस योजना दिखाई नहीं दे रही है। अखिलेश ने अग्निवीर योजना का भी जिक्र किया और पूछा कि अगर यह योजना इतनी अच्छी है तो फिर भाजपा अपनी राज्य सरकारों को 10 फीसदी कोटा देने के लिए क्यों कह रही है? इस पर अनुराग ठाकुर ने बीच में उन्हें टोकते हुए कहा कि अग्निवीर योजना में 100 फीसदी रोजगार की गारंटी है। इस पर अखिलेश ने कहा कि कोई भी नौजवान जो सेना में शामिल होने की तैयारी कर रहा है, वह इसे स्वीकार नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खुद यह स्वीकार कर रही है कि यह योजना सही नहीं है, तभी राज्यों को 10 फीसदी कोटा देने के लिए कह रही है।

#### मैं मिलिट्री स्कूल का छात्र रहा हूं: अखिलेश यादव
#### मैं टेरिटोरियल आर्मी का कैप्टेन हूं: अनुराग ठाकुर

इस बीच अनुराग ठाकुर फिर सदन में खड़े हो गए और कुछ कहने लगे। तब अखिलेश ने कहा कि ठीक है मैं बैठ जाता हूं, आप ही कह दीजिए कि योजना ठीक है। इस पर ठाकुर ने कहा, मैं हिमाचल प्रदेश से आता हूं, जिसने देश को पहला परमवीर चक्र विजेता, दिवंगत मेजर सोमनाथ शर्मा दिया। कारगिल में अधिकांश शहीद हिमाचल से थे। यह नरेंद्र मोदी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया है। मैं यह कह रहा हूं, अग्निवीर योजना में 100 प्रतिशत रोजगार की गारंटी है। इस पर अखिलेश यादव ने फिर पूछा, फिर राज्य सरकारों को (अग्निवीरों के लिए) कोटा देने की क्या आवश्यकता है। मैं भी एक मिलिट्री स्कूल का छात्र हूं। हम भी परमवीर चक्र गिना सकते हैं। इस पर अनुराग ठाकुर ने कहा, आप तो मिलिट्री स्कूल के छात्र रहे हैं लेकिन मैं अभी भी टेरिटोरियल आर्मी का कैप्टन हूं। हमें ज्ञान मत दीजिए। राहुल गांधी के साथ बैठकर बाहें फैलाकर आपको भी झूठ बोलने की आदत पड़ गई है।

#### अखिलेश का तंज: मैं आपका दर्द जानता हूं

इस पर पलटवार करते हुए अखिलेश यादव ने अनुराग ठाकुर पर तंज कसा और कहा, शायद आप इसलिए उत्तेजित हैं क्योंकि आप अब मंत्री नहीं हैं। मैंने आपके चेहरे पर दर्द पढ़ा है। फिर यादव ने कहा, यह सरकार चलने वाली नहीं, गिराने वाली सरकार है।

## जयपुर टाइगर फेस्टिवल का समापन, आखिरी दिन पायलट ने किया दौरा

# प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए बाघ संरक्षण बेहद जरूरी

**बेधड़क.जयपुर।** इंटरनेशल टाइगर डे के मद्देनजर राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र में आयोजित जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का मंगलवार को समापन हुआ। पूर्व उप मुख्यमंत्री टोंक विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने फेस्टिवल का दौरा किया। पायलट ने प्रदर्शनी में लगी वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स की फोटोज का निरीक्षण किया। बाघों की दुनिया के पहलुओं को तस्वीरों में देख पायलट रोमांचित हो उठे। उन्होंने वीआर और एआर तकनीक के जरिए बाघों की वर्चुअल दुनिया को भी देखा। इस दौरान मशहूर वाइल्ड लाइफ फिल्म मेकर एस. नल्ला मुथु, टाइगर मैन दौलत सिंह शक्तावत, जेटीएफ फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र के. गोधा, जेटीएफ अध्यक्ष संजय खवाड़, सचिव आनंद अग्रवाल व अन्य वन्यजीव प्रेमी मौजूद रहे। चार दिवसीय फेस्टिवल में हजारों की संख्या में आगंतुक पहुंचे और बाघों की दुनिया का दीदार किया।





### हर वर्ग दिखा रहा उत्साह

इससे पहले धीरेन्द्र के गोधा ने पुष्प गुच्छ देकर सचिन पायलट का अभिवादन किया। सचिन पायलट ने हर तस्वीर को बारीकी से देखा। इस दौरान पायलट ने कहा कि बाघ संरक्षण प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। जेटीएफ जैसे आयोजन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। खास बात यह रही कि वीआर और एआर जैसी तकनीक के उपयोग से आगंतुकों को बाघों की दुनिया से साक्षात्कार करवाया जा रहा है। प्रदर्शनी में फ्री एंट्री रखने से बड़ी संख्या में छात्रों और हर वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में यहां हिस्सा लिया।

### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

पूर्व सांसद रामचरण बोहरा समेत अन्य लोगों ने जेटीएफ में शिरकत की। अंतिम दिन बड़ी संख्या में छात्रों ने भी हिस्सा लिया। इनमें विद्या आश्रम, बियानी गर्ल्स कॉलेज, रुक्मणि बिड़ला स्कूल, तारा मॉर्डन स्कूल, कैम्ब्रिज कोर्ट स्कूल, एशियन वर्ल्ड स्कूल, स्वास्थ्य कल्याण होमोपेथिक कॉलेज के छात्र शामिल रहे। जेटीएफ में क्लार्क आमेर, सेफ एक्सप्रेस, एस्क्वेयर एफएक्स स्टूडियो, एनएस पब्लिसिटी, स्पेक्टा एआरएल, निर्मल वैकुंठ फाउंडेशन, अमाघाटी रिसॉर्ट रणथंभौर, ब्यूटीफुल जयपुर, टाइगर डायरीज, मसाला मीनिस्ट्री, कोड सिल्वर ने भूमिका निभाई।

## 205 पौधे लगाकर लाए हरियाली



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में बुधवार को टीम 10 ट्री एंबुलेंस विद्याधर नगर के सेंट्रल स्पाइन में दाना पानी रेस्टोरेंट के पीछे की पौधारोपण करेगी। इससे पहले मंगलवार को 205 पौधे लगाए गए और 21 लोगों ने श्रमदान किया। सीमेंट की बैंच और ट्री गार्ड पर ऑयल पैंट भी किया गया। साथ ही मार्गों पर यहां-वहां पड़े मलबे व कचरे को उठाते हुए क्षेत्र को साफ और ग्रीन करने की कोशिश की गई।

## पार्कों में लगाए 101 पौधे



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से मुख्यमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों, पार्कों व जैन मंदिरों, जैन धर्मशालाओं में पौधे लगाने का अभियान चलाया गया है। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन बताया कि अभियान के तहत अजमेर रोड पर बड़ के बालाजी में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर विभिन्न किस्मों के 101 पौधे लगाए गए तथा हर परिवार को एक पौधा लगाने व उसकी देखभाल का संकल्प दिलाया गया। जयपुर जिला अध्यक्ष संजय पांड्या, समाजसेवी टीकम टेमाणी, ललित सरावगी, अजय जैन, गिर्राज अग्रवाल, सुरेन्द्र पाटनी, संतोष बगड़ा, मुकेश बैनाड़ा, ललित पाटनी, आभा सरावगी, मृदुला पाटनी, निशा बड़जात्या सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उज्ज्वल अबूधाबी में सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** इवेंट मैनेजमेंट फैडरेशन की ओर से आयोजित ईएमएफ एसीएफ-2024 फरारी वर्ल्ड अबू धाबी में आयोजित हुआ। प्रोग्राम में इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े हुए 600 से ज्यादा डिलेगेट्स दुनिया भर से एकत्रित हुए। वहीं सोनू सूद, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, मलाइका अरोरा, उदिता गोस्वामी, अन्वेषी जैन, सुखबीर सिंह ने शिरकत की। आयोजन में जयपुर के उज्ज्वल को बेस्ट मेल एंकर अवॉर्ड से नवाजा गया। उज्ज्वल इससे पहले भी अलग-अलग संस्थाओं से 10 बार बेस्ट एंकर अवॉर्ड प्राप्त कर चुके हैं।

# City इवेंट्स

### विनयवान होना सज्जनता का प्रतीक



**बेधड़क. जयपुर।** मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिंद से वाचन किया गया, जिसमें जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 10 भव पहले मरुभूति भव में कमठ द्वारा मरुभूति का शिला पर पटक कर वध करने का प्रसंग सुनाया गया। कथा के दौरान सजीव पात्रों ने अभिनय किया। इस मौके पर मुनिश्री ने कहा कि विनयवान होना ही सज्जनता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि जिस तरह से विज्ञान में क्यों, कैसे के जवाब ढूंढे जाते हैं। उसी तरह से धर्म के बारे में भी क्यों, कैसे के बारे में जानना चाहिए।

### सद्भावना के लिए निकाली कलश यात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** चावंड माता महिला सत्संग मंडल की ओर से जाजौली की तलाई स्थित भर्तृहरि मंदिर से चावंड का मंड स्थित शिव मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। महिला मंडल की ममता शर्मा ने बताया कि यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर शिव के प्रति भाव प्रकट किया। यात्रा में ममता शर्मा, सुनीता शर्मा, मीरा सैनी, सुशीला सैनी, सुमित्रा सैनी, पुष्पा सैनी, अनोखी शर्मा, अनु शर्मा, माया जोशी और साऊ खाखला ने प्रमुखता से भाग लिया। गौरतलब है कि शिव भक्त द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर चावंड का मंड की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर अपना भाव प्रकट किया था। तब से हर साल महिलाएं कलश यात्रा निकालती हैं।

### सिविल लाइंस में टंकी का शिलान्यास



**बेधड़क. जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के श्याम नगर इलाके में दशकों के इंतजार के बाद पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ। विधायक गोपाल शर्मा ने श्याम नगर के लक्ष्मण पथ स्थित राम पार्क में पानी की टंकी का शिलान्यास किया। लगभग 35 वर्षों से इस स्थान पर टंकी बनाने की मांग हो रही थी। इसकी क्षमता 22 लाख लीटर होगी और 41 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। टंकी से हजारों नागरिकों को सीधा फायदा मिलेगा। इसके लिए 13 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 50, 52 और 53 में देवी नगर, विवेक विहार, लक्ष्मण कॉलोनी, कटेवा नगर, बृजलालपुरा, महेंद्र नगर, मोती नगर, राजीव नगर, नवनिर्माण नगर और किशन नगर के निवासी लाभान्वित होंगे। शिलान्यास समारोह में श्याम नगर मंडल महामंत्री मानवेंद्र सिंह, एडवोकेट अनुराग, एडवोकेट गणेश, शक्ति सिंह राठौड़, भरत सिंह पंवार, सिद्धार्थ धानका, आकाश डाबी, कमलेश कुमावत, उदय सिंह पारा, हिम्मत सिंह, मुकेश जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

## जयपुर में पहला म्यूजिकल डांस ड्रामा 3 को

# अर्जुन को पाने के लिए कामदेव से मांगा खूबसूरती का वरदान



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में तीन अगस्त को रवींद्रनाथ टैगोर की लिखी कहानी 'चित्रांगदा' पर नाटक का मंचन होगा। डेढ़ घंटे के इस म्यूजिकल डांस ड्रामा को पहली बार हिंदी में प्रस्तुत किया जाएगा। म्यूजिक डायरेक्टर शांतनु भट्टाचार्य ने इसका म्यूजिक तैयार किया है। महाभारत से प्रेरित नाटक में दिखाया जाएगा कि किस तरह मणिपुर के राजा की बेटी चित्रांगदा (कुरूपा) का लालन-पालन बेटों की तरह किया गया। चित्रांगदा को युद्ध की शिक्षा दी गई। उसके हाव-भाव भी लड़कों जैसे हैं। वह अर्जुन को अपना दिल दे बैठती है लेकिन अर्जुन उसे पसंद नहीं करता।

वह एक दिन कामदेव से खूबसूरती का वरदान मांगती है और बदले रूप में आई चित्रांगदा(सुरूपा) को अर्जुन स्वीकार कर लेता है। समय गुजरने के बाद अर्जुन को गांव के लोग चित्रांगदा के शौर्य की कहानियां सुनाते हैं, जिसके हाव-भाव लड़कों जैसे थे। इस तरह नाटक के अंत में वह अपनी सच्चाई अर्जुन को बताती है। नाटक की डायरेक्टर मधुमिता चक्रवर्ती बताती है- ये हिंदी में पहला म्यूजिकल डांस ड्रामा लिखा है, इसमें कथक, भरतनाट्यम और फोक नृत्य शैली देखने को मिलेगी। नाटक में सुहासी धामी, संदीप सोपारकर, मौमिता पाल मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन, निर्माण और कोरियोग्राफी मधुमिता चक्रवर्ती ने की है।

## सितंबर से निकाली जाएगी शक्ति कलश यात्रा

# तेरह रथों से 45 हजार गांवों में जगाएंगे विचार क्रांति की अलख



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से राजस्थान प्रदेश के 45 हजार गांवों में विचार क्रांति का संदेश देने के लिए शक्ति कलश यात्रा निकाली जाएगी। शांतिकुंज हरिद्वार से 13 रथ सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में पुष्कर आएंगे, फिर अलग अलग जिलों के लिए रवाना होंगे। इस आशय का निर्णय मंगलवार को गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी में आयोजित जयपुर उप जोन की बैठक में लिया गया। वेद माता मां गायत्री, पंडित राम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ववलन के साथ शुरू हुई संगोष्ठी में जयपुर, टोंक ,सीकर, नीमकाथाना जिलों से 300 से अधिक गायत्री परिजन शामिल हुए।

जिला समन्वयकों ने अपने जिले में शक्ति कलश यात्रा से जुड़ी तैयारी से अवगत कराया। मुख्य अतिथि शांतिकुंज हरिद्वार से आए गौरी शंकर सैनी ने कहा कि जहां हम नहीं पहुंच पाए वहां ज्योति कलश पहुंचेगा। यात्रा के माध्यम से जन जन तक गुरुसत्ता के विचारों को पहुंचा सकतें हैं।

उन्होंने गायत्री परिवार प्रमुख शैल बाला पंड्या के संदेश परस्पर आदर भाव रखें, अपनी भूल को स्वीकार करें, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करें को गायत्री परिजनों के समक्ष रखा। यदि कहीं भी विवाद खड़ा हो जाए तो सम्मान पूर्वक तरीके से निपटाए। सभी ने छह बातों का संकल्प लिया।

**जवाहर कला केंद्र** | पाक्षिक नाट्य योजना के तहत नाटक का मंचन

# बहुत सालते हैं जिंदगी की भागदौड़ में छूट गए 'खांचे'

**बेधड़क | जयपुर**

जिंदगी की भागदौड़ में कुछ पल ऐसे थे, जो खाली रह गए, जिन्हें जीना चाहिए था। यही खाली पल बाद में बहुत सालते हैं। कुछ इसी तरह का संदेश देता नजर आया जवाहर कला केंद्र में प्रस्तुत नाटक 'खांचे'। जवाहर कला केन्द्र की पाक्षिक नाट्य योजना के अंतर्गत अरु स्वाति व्यास के निर्देशन में नाटक का मंचन किया गया।

अभिनय गुरुकुल सांस्कृतिक शैक्षणिक सोसायटी की ओर से प्रस्तुत नाटक की कहानी मुख्य किरदार विनायक आचार्य के इर्द-गिर्द बुनी गई है। विनायक एक ऐसा व्यक्ति है जो अपने जीवन को धीर-गंभीर और अनुशासित रूप से में जीना पसंद करता है। इस बीच वह अपने अति अनुशासित स्वभाव के कारण जीवन के उन पलों का आनंद लेने से महरूम हो जाता है, जो उनको जीने के लिए मिले थे। बचपन, युवा या वृद्ध आयु में वह आनंद से दूर रहता है।

पतंगबाजी हो या सितौलिया खेलना या फिर होली के रंग और दोस्तों के साथ मटरगश्ती, विनायक इन सभी से महरूम रहता है। अंत समय में उनके जीवन में एक रिक्त स्थान रह जाता है। इन्हीं रिक्त स्थान को 'खांचे' नाम दिया गया है।



### कहानी में दिखाए जीवन के तीन रंग

इस नाटक की कहानी मूल रूप से रघुनंदन त्रिवेदी की है। इसका नाट्य रूपान्तरण अरु व्यास ने तैयार किया है और नाटक को स्वाति अरु व्यास ने निर्देशित किया है। मुख्य किरदार विनायक के बचपन, युवा और वृद्धावस्था को तीन अलग-अलग कलाकारों ने मंच पर अपने अभिनय से जीवंत किया है। नाटक में लक्ष्मण चौहान, प्रफुल्ल बोराना, हिमांशु सिंघवी, कीर्ति बोराना, स्वाति व्यास समेत अन्य कलाकारों ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति पेश की है।





### चुनाव में निकोलस मादुरो की जीत से जल उठा वेनेजुएला

# जन उबाल, राष्ट्रपति भवन पर कब्जे की तैयारी






**■ सोशल मीडिया पर तस्वीरों का कैप्शन है- 'तानाशाह को मार गिराओ'।**

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। हजारों की भीड़ राष्ट्रपति के महल की ओर बढ़ रही है। लोग विवादित चुनाव में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की जीत के दावे के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। 28 जुलाई को वेनेजुएला के चुनाव में निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया गया था। आधी रात के तुरंत बाद नेशनल इलेक्टोरल काउंसिल ने कहा कि मादुरो ने मुख्य विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को पछाड़ते हुए 51 फीसदी मत हासिल किए है। अमेरिका ने सोमवार को कहा कि मादुरौ की जीत की कोई विश्वसनीयता नहीं है।



अन्य लोगों ने भीड़ की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की, जिस पर कैप्शन लिखा 'तानाशाह को मार गिराओ'। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति के महल को बचाने के लिए बड़ी संख्या में सैन्य काफिले को जाते हुए देखा गया। बड़ी-बड़ी राइफलों के साथ सैनिक मौजूद थे।

मादुरो की जीत के दावे के अगले दिन ही वेनेजुएला की राजधानी में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था, जिस पर पुलिस बल ने आंसू गैस छोड़े थे। विपक्ष ने मादुरो की जीत की घोषणा को धोखाधड़ी बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि उसके उम्मीदवार एडमंडो गोजालेज को 73.2 फीसदी वोट मिले हैं।

### मादुरो से क्यों नाराज है जनता?

चुनाव से पहले ओपिनियन पोल ने एडमंडों की स्पष्ट जीत की संभावना जताई थी। देश के आर्थिक संकट को लेकर जनता में असंतोष है। 11 साल से मादुरो सत्ता में हैं, जिन्हें हटाने के लिए विपक्षी दल गोंजालेज के साथ एकजुट हो गए। कई पश्चिमी और लैटिन अमेरिकी देशों, साथ ही संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय निकायों ने वेनेजुएला के अधिकारियों से हर पोलिंग स्टेशन के मतदान रेकॉर्ड जारी करने का आह्वान किया है। इससे पहले कई लोग अपने घरों और सड़कों पर विरोध में बर्तन और तवे बजा रहे थे।

### बस ड्राइवर से राष्ट्रपति बने मादुरो हैं सत्य साईं बाबा के परमभक्त

वेनेजुएला में लगातार तीसरी बार प्रेसिडेंट बनने वाले निकोलस मादुरा बेशक फिर से चुनाव जीतकर पद पर आसीन हो गए हों, लेकिन उन पर चुनावों में जबरदस्त धांधली के आरोप लग रहे हैं। विपक्ष तीखे हमले कर रहा है। मादुरा की इमेज दुनिया में तानाशाह नेता की है। वह एक मामूली बस्ती में पैदा हुए बस ड्राइवर के रूप में करियर शुरू किया और राजनीति में आकर सीढ़ियां चढ़ते हुए प्रेसिडेंट के पद तक पहुंच गए। दिलचस्प बात यह है कि वे भारत के सत्य साईं बाबा के परम भक्त हैं। साल 2005 में मादुरो अपनी पत्नी सिलिया फोर्ब्स के साथ आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में साईं बाबा के दर्शन करने गए थे। तब उन्होंने अपने आध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद लिया था। पुट्टपर्थी आश्रम का कहना है कि मादुरो वहां प्रशांति निलयम में चार या पांच बार आए। उनके साथ वेनेजुएला का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल होता था। वे वहां वीआईपी गेस्ट हाउस शांति भवन में ठहरते थे।

### क्या बोले लोग?

फुटेज में काराकास की सड़कों पर भीड़ देखी जा सकती है। टायर जलाए जा रहे हैं। पुलिस लोगों को राष्ट्रपति भवन की ओर जाने से रोकने के लिए आंसू गैस छोड़ रही है। मादुरो समर्थक अर्धसैनिक बल भी इकट्ठा हो रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल 41 वर्षीय पाओला सरजालेजो ने कहा कि वोटिंग में भयानक धोखाधड़ी हुई थी। हम 70 फीसदी से जीते हैं। लेकिन उन्होंने फिर से हमारे चुनाव को छीन लिया। वहीं उसके पिता मिगुएल (64) ने सहमति जताते हुए कहा कि हम अपने युवाओं और देश के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं।

### भारत में मालदीव चला रहा 'वेलकम इंडिया' अभियान

# मुइज्जू को मिला सबक!

**एजेंसी** | माले

मालदीव के जहरीले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू जब पिछले साल राष्ट्रपति बने थे तो उन्होंने आते ही भारत के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया था। इंडिया आउट अभियान चलाने वाले मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव की मदद के लिए मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस भेजा। लेकिन 8 महीने से भी कम समय में अब उन्हीं की सरकार का प्रचार विभाग भारत में आकर भारतीयों को लुभाने की कोशिश कर रहा है।

मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन (MM-PRC) भारत के तीन शहरों में वेलकम इंडिया के नाम से रोड शो निकाल रहा है। इसका उद्देश्य भारतीयों को मालदीव के पर्यटन के लिए आकर्षित करना है। इसके लिए मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल भारत पहुंच चुके हैं। उन्होंने मंगलवार को भारत के पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। भारत में मालदीव का ये रोड शो ऐसे समय में हो रहा है जब द्वीपीय देश में भारतीय पर्यटकों की संख्या में तेजी से कमी आई है। पिछले दो साल से मालदीव के लिए भारत शीर्ष पर्यटन बाजार रहा है लेकिन इस साल इसमें तेजी से कमी आई है।




### पांच दिनों तक चलेगा रोड शो

मालदीव के मीडिया पोर्टल अधाधू की रिपोर्ट के अनुसार, रोड शो नई दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में पांच दिनों तक चलने वाले हैं। एमएमपीआरसी ने कहा कि इन कार्यक्रमों से संबंधित पर्यटन उद्योगों के हितधारकों के बीच संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। रोड शो के दौरान मालदीव के बीच, रिजॉर्ट, गेस्ट हाउस और सांस्कृतिक इतिहास का प्रचार किया जाएगा। इस रोड शो को मालदीव के व्यापारिक प्रतिष्ठान स्पॉन्सर कर रहे हैं।

### मालदीव को 2 लाख भारतीय पर्यटकों की उम्मीद

रोड शो मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंट टूर ऑपरेटर (MATATO) और नेशनल होटल एंड गेस्टहाउस एसोसिएशन ऑफ मालदीव के सहयोग से किया जा रहा है। MATATO के अध्यक्ष अब्दुल्ला गियास ने भारतीय पर्यटकों को मालदीव आने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि साल के अंत तक 200,000 भारतीय पर्यटक मालदीव आएंगे। निलंबित मंत्रियों की घटना पर उन्होंने कहा, 'हम सुधार करने को तैयार हैं, भारतीयों का स्वागत करते हैं।

### नासा के वैज्ञानिक भी हैरान

# चंद्रमा पर 9 साल में 35000 भूकंप!

**एजेंसी** | टोक्यो

चंद्रमा को लेकर एक बड़ी खोज सामने आई है। दशकों पुराने अपोलो मिशन डेटा की समीक्षा के जरिए पहले नजरअंदाज किए गए हजारों चंद्रमा भूकंपों का संकेत मिला है। यह खुलासा चंद्रमा और भविष्य के मानव मिशनों के लिए तैयारी में काम आ सकता है। यह परीक्षण टोक्यो यूनिवर्सिटी के ग्रह भूकंप विज्ञानी कीसुके ओनोडेरा द्वारा किया गया है, जिन्हें 20000 चंद्रमा भूकंपों के प्रमाण मिले। ओनोडेरा ने जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च प्लैनेट्स में कहा, 'चंद्रमा पर अधिक टेक्टोनिक घटनाएं हुई हैं। यह पहले की तुलना में अधिक टेक्टोनिक रूप से सक्रिय है।'




### उलझे हुए डेटा को सुलझाया

रिपोर्ट के मुताबिक 1960 से 1970 के दशक तक चंद्रमा पर उतरने वाले अपोलो मिशन अपने साथ दो प्रकार के भूकंपमापी यंत्र ले गए थे। इन यंत्रों ने 1969 से 1977 तक लगाता भूकंपीय ऊर्जा का डेटा इकट्ठा किया। 13000 से ज्यादा भूकंपीय घटनाओं का मूल्यांकन किया। हालांकि छोटे भूकंपीय तरंगों का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले भूकंपमापी के डेटा को अन्य स्रोतों के साथ इतना उलझा दिया गया कि बाद में इसे अनुपयोगी माना गया।

### 22000 भूकंपों का पता लगाया

डेटा को सुलझाने के बाद ओनोडेरा ने 22,000 भूकंपीय घटनाओं को पता लगाया। इससे कुल ज्ञात संख्या 35,000 से ज्यादा हो गई है। ओनोडेरा ने कहा, 'सबसे आश्चर्य की बात है कि मैंने 22,000 भूकंपों का पता लगाया। यह मूल डेटाबेस की तुलना में बहुत अधिक संख्या में घटनाएं हैं। यह ऐसी चीज है, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी।' ओनोडेरा ने प्रत्येक घटना के ग्राफ को देखकर इसकी पहचान की और उन्हें आकार के आधार पर वर्गीकृत किया।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl